卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 297 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦8 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## विनेश के ओलंपिक से बाहर होने को लेकर राज्य सभा में हंगामा

### विपक्ष के आरोपों से आहत जगदीप धनखड़ कुर्सी से उठकर चले गए

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। विनेश फोगाट के ओलंपिक से बाहर होने को लेकर आज राज्यसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ है। दरअसल विपक्ष के नेता खड़गे ने राज्यसभा में इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की, लेकिन सभापति ने इसकी अनुमति नहीं दी। जब टीएमसी सांसद डेरेक ओब्रायन ने मुद्दे को लेकर बात करनी चाही तो सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें चेतावनी दी। सभापति ने कहा कि अगर उन्होंने यही हरकत दोहराई, तो उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा। सभापति ने कहा, पूरा देश विनेश के लिए दुखी है, हर कोई दुखी है। इसका राजनीतिकरण मत करो। हम उसे वह सब कुछ देंगे जो पदक विजेता को मिलना चाहिए। हम उसे पूरी सहायता देंगे।लेकिन आप सभी से आग्रह है कि इसका राजनीतिकरण मत करो। इस पर विपक्षी कांग्रेस-टीएमसी और अन्य ने सदन से वॉकआउट कर दिया। इसके बाद सभापति धनखड़ नाराज हो गए और उन्होंने कहा, माननीय सदस्यगण, इस पवित्र सदन को अराजकता का केंद्र बनाना, भारतीय प्रजातंत्र के ऊपर कुठाराघात करना, अध्यक्ष की गरिमा को धूमिल करना, शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण माहौल पैदा करना, ये अमर्यादित आचरण नहीं है, बल्कि ये हर सीमा को लांघित करने वाला आचरण है। उन्होंने आगे कहा, ये सदन इस समय देश की रूलिंग के पार्टी के अध्यक्ष को यहां देख रही है। ये सदन इस समय प्रतिपक्ष दल के राष्ट्रीय के अध्यक्ष की भी उपस्थिति देख रही है। कांग्रेस की वरिष्ठतम नेता भी इस सदन की सदस्य हैं, जो मैं हाल के दिनों में देख रहा हूं और जिस तरह से चुनौती शब्दों से, पत्र के माध्यम से, अखबार के माध्यम से.. कितनी गलत टिप्पणी की है मैंने देखा है। मेरे को यह चुनौती नहीं दी जा रही है, यह चुनौती सभापति के पद को दी जा रही है। ये चुनौती इसलिए दी जा रही है कि जो व्यक्ति इस पद पर बैठा है वो इसके लायक नहीं है, ऐसा ये लोग सोचते हैं। धनखड़ ने आगे कहा, सदन की गरिमा को कम मत करिए..अमर्यादित आचरण मत अपनाइए..जयराम रमेश हंसिए मत.. आपकी आदतें मुझे पता है। कुछ सांसद गलत टिप्पणी करते है । मुझे हाउस का समर्थन जितना चाहिए था उतना नहीं मिला है। मैंने प्रयास (शेष पृष्ठ सात पर)



## 13 वीरांगनाओं को मिला तीलू रौतेली पुरस्कार

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रदेश की 13 वीरांगनाओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए तीलू रौतेली राज्य स्तरीय पुरस्कार से नवाजा गया। जबकि 32 आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं को राज्य स्तरीय आंगनबाड़ी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।संस्कृति विभाग के प्रेक्षा ग्रह में आयोजित सम्मान समारोह में महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने चयनित महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रदेश की पहली गढ़वाली महिला संगीत अध्यापिका के रूप में अपनी सेवाएं देने वाली देहरादून की डॉ. माधुरी बड़थ्वाल और गुलदार के हमले से अपनी सास को बचाने वाली रुद्रप्रयाग की विनीता देवी, खेल के क्षेत्र में अल्मोड़ा की प्रीति गोस्वामी, हस्तशिल्प के क्षेत्र में चमोली की नर्मदा देवी रावत, साहित्य के क्षेत्र में चंपावत की सोनिया आर्या, खेल क्षेत्र में बागेश्वर की नेहा देवली, खेल क्षेत्र में हरिद्वार की संगीता राणा, विज्ञान के क्षेत्र में नैनीताल की सुधा पाल, खेल क्षेत्र में पौड़ी की अंकिता ध्यानी, सामाजिक क्षेत्र में पिथौरागढ़ की शकुंतला दताल, सामाजिक क्षेत्र में टिहरी गढ़वाल की रीना उनियाल, पैरा बैडमिंटन में बेहतर प्रदर्शन पर ऊधमसिंह नगर की मंदीप कौर,सामाजिक क्षेत्र में उत्तर काशी की गीता गैरोला को तीलू रौतेली पुरस्कार से नवाजा गया। आंगनबाड़ी पुरस्कार से अल्मोड़ा से देवकी और गुड्डी देवी, बागेश्वर से कमला (शेष पृष्ठ सात पर)



## संदिग्ध हालातों में युवक की मौत,शिनाख्त नहीं

किच्छा(उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस उसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दरऊ चौकी से कुछ दूरी पर एक 25 वर्षीय युवक मूर्छित अवस्था में देखा गया जिसकी सूचना दरऊ चौकी पुलिस को दी गई। चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी है। युवक ने नीले रंग की शर्ट हरे रंग की पैंट पहनी हुई है। पुलिस युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है । कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा ने बताया कि युवक की पहचान के लिए उसके फोटो को विभिन्न स्थानों में प्रसारित किया गया है तथा आसपास के क्षेत्र के लोगों को भी युवक की पहचान करने को कहा गया है अभी तक युवक के मौत का कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है ।

## पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल, 1050 पुलिस कर्मियों के तबादले

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। डीआईजी कुमाऊं योगेंद्र सिंह रावत ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। डीआईजी ने 1,050 पुलिस कर्मियों का ट्रांसफर किया है। इनमें 438 पुलिसकर्मी मैदान से पहाड़ी जिलों को भेजे गए हैं। 512 पहाड़ी जिलों में तैनात पुलिस कर्मियों को नैनीताल और उधमसिंह नगर के मैदानी क्षेत्रों में भेजा है। बताया जा रहा है कि पहाड़ भेजे गए सभी पुलिसकर्मी पिछले कई वर्षों से एक ही जिले में जमे हुए थे। स्थानांतरित पुलिस कर्मियों में 15 इंस्पेक्टर जबकि 29 सब इंस्पेक्टर भी शामिल हैं। इसके अलावा जिनका तबादला हुआ है उनमें अपर उपनिरीक्षक के 50 जवान, हेड कांस्टेबल नागरिक पुलिस के 299, हेड कांस्टेबल सशस्त्र पुलिस 196, कांस्टेबल नागरिक पुलिस 461 जवान शामिल हैं। पुलिस निरीक्षक आशुतोष कुमार (शेष पृष्ठ सात पर)




आवश्यकता है
इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।
-संपर्क करें-
8433432291


## रूद्रपुर की तीन मुख्य सड़कों का होगा कायाकल्प: शिव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख सड़कों की समस्याओं के समाधान के लिये मुख्यमंत्री द्वारा सार्थक कार्य किया गया है और उन्होंने क्षेत्र की तीन सड़कों के निर्माण के लिये अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। पत्रकारों से वार्ता करते हुये विधायक शिव अरोरा ने बताया कि उन्होंने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में आम जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने के लिये हर सम्भव प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षो में राज्य योजना, जिला योजना एवं विधायक निधि से शासन द्वारा 45 करोड़ रूपये के कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमे विधानसभा क्षेत्र में नाली व पुल निर्माण सहित स्ट्रीट लाईट व जन समस्याओं का समाधान शामिल है। इन योजनाओं में कई कार्य प्रगति पर है और कई कार्यो के लिये टेण्डर प्रक्रिया जारी है। श्री अरोरा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र की कई ऐसी पुरानी योजनाये है जिनका वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुये बदला जाना आवश्यक हो गया था। उनसे पूर्व ऐसी (शेष पृष्ठ सात पर)




## उत्तराखंड में अब 'बिल्डर' नहीं कर सकेंगे कोई 'गड़बड़झाला'

### प्रदेश में अब हाउसिंग प्रोजेक्ट्स की त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट दाखिल करना अनिवार्य, उत्तराखंड भू संपदा नियामक प्राधिकरण ने हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के लिए तय किए नए मानक

-अर्श-

देहरादून। सूबे में हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के प्रमोटर्स द्वारा लोगों को ठगने, अनुबंध के अनुसार सुविधा न उपलब्ध कराने तथा भवन अथवा प्लाट खरीदारों को परेशान करने एवं हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में हेरा फेरी संबंधी तमाम शिकायतें उत्तराखंड भू संपदा नियामक प्राधिकरण के समक्ष पहुंचती ही रहती है, लेकिन कई बार प्राधिकरण और अस्पष्ट नियमावली के चलते ऐसे मामलों में हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के प्रमोटर्स के विरुद्ध कारगर कार्यवाही नहीं कर पता था। अब प्राधिकरण नियमों के इस झोलझाल को खत्म करने के लिए कमर कस चुका है और इसी सप्ताह से नई नियमावली लागू करने जा रहा है। देखने में आया है कि राज्य के कई बड़े हाउसिंग प्रोजेक्टों में प्रमोटर्स ने भवन आवंटियों की जमा पूंजी दूसरी जगह निवेश कर दी, जिसके चलते संबंधित आवासीय परियोजनाओं में तय समय के कई साल बाद भी निर्माण पूरा नहीं हो सका। हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के प्रमोटर्स के इस गड़बड़ झाले को रोकने के लिए उत्तराखंड भूसंपदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट (क्यूपीआर) को अनिवार्य करने जा रहा है। अब प्रमोटर्स को हर तीसरे वित्तीय माह में पंजीकृत परियोजना की प्रगति रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। इससे हाउसिंग प्रोजेक्ट में निवेश, निर्माण में प्रगति व खरीदारों से प्राप्त रकम के प्रयोग की पूरी जानकारी रेरा को मिल सकेगी। यह व्यवस्था इसी सप्ताह से शुरू होने जा रही है।बताना होगा कि रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 के अंतर्गत आवासीय परियोजनाओं में प्रमोटर्स के लिए त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट (क्वाटरली प्रोग्रेस रिपोर्ट) दाखिल करना जरूरी है, लेकिन उत्तराखंड में बड़ी संख्या में प्रमोटर्स त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट का ब्योरा नहीं देते। इस कारण आवासीय परियोजनाओं की भौतिक व वित्तीय स्थिति रेरा को नहीं मिल पाती तथा परियोजना के फाइनेंशियल इन फ्लो व आउट फ्लो से भी रेरा अनभिज्ञ रह जाता है। ऐसे में निर्माण कार्य में देरी और आवंटियों से प्राप्त रकम प्रोजेक्ट पर नहीं खर्च करने की शिकायतों में रेरा कोई ठोस कदम नहीं उठा पाता। इसीलिए रेरा ने त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने को अब अनिवार्य कर दिया है, ताकि प्रमोटर्स व प्रोजेक्ट की पूरी फाइनेंशियल जानकारी रेरा के पास उपलब्ध रहे। अब भवन आवंटियों की ओर से जमा रकम का 70 फीसदी हिस्सा प्रोजेक्ट पर खर्च नहीं करने व निर्माण की गति धीमी होने पर रेरा तुरंत ही प्रमोटर्स पर शिकंजा कसेगा। उत्तराखंड (शेष पृष्ठ सात पर)



# महत्वपूर्ण योजनाओं का एक रोस्टर प्लान बनाया जाए : धामी

## सचिव समिति की बैठक में सीएम ने दिये दिशा निर्देश



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में सचिव समिति की बैठक में प्रतिभाग किया। श्री पुष्कर सिंह धामी राज्य के पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने सचिव समिति की बैठक में प्रतिभाग किया। लगभग 3 घटें तक चली इस बैठक में राज्यहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पंहुचाने में सचिवगणों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सचिवगणों से कहा कि राज्य के हर क्षेत्र में विकास के साथ ही लोगों का जीवन स्तर उठाने के लिए हम सभी को सामुहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के बेहतर निर्माण के साथ ही उनके सफल क्रियान्वयन के लिए पूरा एक्शन प्लान बनाया जाए। सरकार की योजनाओं और फैसलों का प्रभाव करोड़ों लोगों के जीवन पर पड़ता है इसलिए योजनाओं और निर्णयों में राष्ट्रहित और जनहित पहली प्राथमिकता में होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सचिवों को निर्देश दिये कि विभागों के रिक्त पदों पर आगामी दो सालों में नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यों और योजनाओं के निर्माण में नवाचार पर विशेष ध्यान दिया जाए और आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुड गवर्नेंस की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों में जिन इंडिकेटरों में हमें सुधार की आवश्यकता है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिन इन्डीकेटर पर राज्य में अच्छा कार्य हुआ है, उनको बनाये रखना हमारे सामने चुनौती भी होगी।मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि सचिव समिति की बैठक में राज्यहित से जुड़े विषयों की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी एक वर्ष के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं का एक रोस्टर प्लान बनाया जाए, जिसमें ऐसी योजनाएं शामिल हों, जो व्यापक जनहित वाली हों।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बड़ी परियोजनाओं की पृथक से बृहद स्तर पर समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न परियोजनाओं को दैवीय आपदा अथवा अन्य किसी भी संभावित नुकसान से बचाने के लिए उनका सेफ्टी ऑडिट भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने सचिवगणों को मितव्ययिता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। । बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के सुधांशु, श्री एल.फैनई, प्रमुख सचिव न्याय श्री प्रदीप पंत एवं सभी सचिवगण उपस्थित थे।

# आपदा से प्रभावित विभागों को तत्काल आंकलन प्रेषित करने के दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने केदारनाथ में आपदा से क्षतिग्रस्त इंफ्रास्ट्रक्चर के पुनर्निर्माण तथा भविष्य में आपदा से बचाव हेतु भारत सरकार से विशेष आर्थिक पैकेज की मांग हेतु प्रभावित विभागों को तत्काल आंकलन प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने नागरिक उड्डयन विभाग से क्षतिग्रस्त हेलीपैड्स का आंकलन, आपदा प्रबंधन विभाग से भूस्खलन की निगरानी व पूर्व चेतावनी, लाइट डिटेक्शन एण्ड रेंजिंग सर्वेक्षण, असंतुलित ढलानों का भू-तकनीकी अन्वेषण, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों के लिए शमन उपाय, रिमोट सेंसिंग द्वारा बाढ़ निगरानी एवं भूस्खलन पूर्व चेतावनी हेतु आर्थिक पैकेज का आंकलन तत्काल तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने रिकॉर्ड समय में सफलतापूर्वक राहत एवं बचाव अभियान संचालित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों व कार्मिकों की प्रंशसा की है। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने यूएलएमएमसी, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, पुलिस, यूपीसीएल, आरडब्ल्यूडी, उरेडा, परिवहन व पशुपालन विभाग को आपदा न्यनीकरण हेतु प्रस्तावित कार्यों का आगणन भी प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में पुलिस महानिदेशक श्री अभिनव कुमार, प्रमुख सचिव डॉ. रमेश कुमार सुधांशु, सचिव डॉ. पंकज पाण्डेय, श्री सचिन कुर्वे, श्री विनोद कुमार सुमन, डा. आर राजेश कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी व वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी व एसपी रूद्रप्रयाग मौजूद रहे।



# हिंदू परिवारों पर अत्याचार को लेकर चिंता जताई

हरिद्वार। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदू परिवारों पर अत्याचार को लेकर चिंता जताई है। बुध वार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि देश में जब तक हिंदू बहुसंख्यक हैं तब तक इसका अस्तित्व सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम आबादी बढ़ी तो इसका सीधा असर होगा कि हिंदू मुख्य धार से अलग हो जाएगा। उन्होंने कहा कि समूचे विश्व में मुस्लिम समुदाय का नरसंहार हो रहा है। कट्टरपंथी अपने और दूसरे समाज को काटने में जुटे हुए हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं की बहू-बेटियों के साथ जो दुराचार लूट और अन्य तरह की यतानाएं दी जा रही हैं। इस पर अब सरकार को गंभीर होना होगा। उन्होंने चेताया कि हिंदू समाज के सामने एक यक्ष प्रश्न भी है कि विश्व में दो हजार वर्ष पूर्व ईसाई और लगभग 1500 वर्ष पूर्व इस्लाम आया। इससे पूर्व सिर्फ और सिर्फ सनातन का राज संपूर्ण धरा पर था। उन्होंने कहा कि प्रमाण है कि भगवान श्रीराम का राज्य वर्तमान में चीन और रूस तक की सीमाओं में था। जगद्गुरु ने कहा कि सरकार को बांग्लादेश के हालात से सबक लेते हुए वहां के अत्याचार और पापाचार को संयुक्त राष्ट्र संघ और मानवाधिकार के मंच पर मुखर होकर रखना चाहिए। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को जगद्गुरु आश्रम में पहुंचकर स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज से आशीर्वाद लिया। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की। इसके साथ ही धर्मनगरी में कांवड़ के सकुशल संपन्न होने पर बधाई भी दी। धर्मपाल सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ महाराज के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने यूपी को देश की सबसे बड़ी दुग्ध क्रांति के क्षेत्र में अग्रणी बताया। वहीं पशुपालन और अन्य कृषि व्यावसाय में देश में सर्वाधिक बेहतर करने का भी दावा किया। धर्मपाल सिंह ने कहा कि कई लाभकारी योजनाओं के जरिए छोटे कृषक को लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने पशुपालन के क्षेत्र में देशी गाय के नस्ल में सुधार की योजना पर चर्चा की और कहा कि जल्द ही देशी गाय से ही बेहतर नस्ल की गाय दूध उत्पादन के क्षेत्र में बेहतर योगदान देंगी। उत्तर प्रदेश के 18 मंडलों में पशुधन को बढ़ावा देने के लिए कृषक नंदनी योजना लागू कर रहे हैं। धर्मपाल सिंह ने उत्तर प्रदेश में योगी सरकार को पूर्ण रूप से स्थिर बताया और कहा कि देश में नंबर एक प्रदेश बनने की दिशा में राज्य अग्रसर है।



# निकाय चुनाव में देरी को लेकर दायर याचिका पर 13 अगस्त को सुनवाई

नैनीताल(उद संवाददाता)। राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव में हो रही देरी का मामला एक बार फिर हाई कोर्ट पहुंच गया है। बुधवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति ऋतु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि 13 अगस्त नियत की है।जसपुर निवासी मोहम्मद अनवर ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि नगर पालिकाओं व नगर निगमों का कार्यकाल दिसंबर 2023 में समाप्त हो गया।कार्यकाल समाप्त हुए आठ माह बीत गए फिर भी सरकार ने चुनाव कराने का कार्यक्रम घोषित नहीं किया। निकायों में प्रशासक नियुक्त होने से आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । प्रशासक तब नियुक्त किया जाता है जब कोई निकाय भंग की जाती है। उस स्थिति में भी सरकार को छह माह के भीतर चुनाव कराना आवश्यक होता है।याचिका में कहा गया है कि इसी साल जनवरी में एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सचिव शहरी विकास ने कोर्ट में पेश होकर कहा था कि छह महीने के भीतर नगर निकायों के चुनाव करा लिए जाएंगे। फिर अप्रैल में भी कहा था कि चुनाव छह माह के भीतर करा लिए जाएंगे।कोर्ट ने सचिव के बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए छह माह के भीतर चुनाव कराने को कहा था लेकिन अभी तक सरकार ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा नहीं की लेकिन प्रशासकों का कार्यकाल बढ़ा दिया। सरकार ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया। इसलिए सरकार को फिर से निर्देश दिए जाएं कि निकायों के शीघ्र चुनाव कराए जाएं।

# हत्या और डकैती के दो अभियुक्तों की फांसी की सजा की रद्द

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने डकैती, हत्या व लाश को छिपाने के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रुद्रप्रयाग से दो अभियुक्तों को मिली फांसी की सजा को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट ने निचली अदालतों को नसीहत दी है कि आपराधिक मुकदमे में संदेह चाहे कितना भी मजबूत क्यों न हो, उसे सबूत की जगह लेने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। जिसमें हाईकोर्ट ने कहा कि हो सकता है और होना चाहिए के बीच की मानसिक दूरी 'अस्पष्ट अनुमानों' व 'निश्चित निष्कर्षों' पर गौर करना चाहिए। किसी आपराधिक मामले में यह सुनिश्चित करना न्यायालय का कर्तव्य है कि मात्र अनुमान या संदेह कानूनी सबूत की जगह न लें। किसी अभियुक्त को दोषी ठहराने से पहले सच्चा हो सकता है और सच्चा होना चाहिए के बीच की बड़ी दूरी को अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत स्पष्ट ठोस और निर्विवाद साक्ष्य के माध्यम से कवर किया जाना चाहिए। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रुद्रप्रयाग ने 2 दिसंबर व 4 दिसंबर 2018 को लूट व हत्या के दो आरोपियों सत्येश कुमार उर्फ सोनू व मुकेश थपलियाल को फांसी की सजा सुनाई थी। अपने आदेश की पुष्टि कराने के लिए निचली अदालत ने इसे उच्च न्यायालय में भेजा था। पूर्व के कोर्ट ने 8 मई को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने 6 अगस्त को निर्णय दिया। कोर्ट ने रिकॉर्ड पर मौजूद सभी मौखिक और साक्ष्यों की प्रकृति और गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए आईपीसी की धारा 302, 34, 392 आईपीसी और धारा 201 की धारा पर अपीलकर्ताओं को मिली सजा को रद्द कर उन्हें तुरंत रिहा करने के आदेश दिए हैं। अभियुक्तों के खिलाफ ग्राम लिस्वालता पट्टी कोट बंगर रुद्रप्रयाग निवासी महिला सरोजनी देवी के घर में डकैती करने, सरोजनी देवी की हत्या करने व लाश घर के पीछे छिपाने का आरोप था। इस घटना का कोई चश्मदीद गवाह नहीं था, लेकिन लूटे गए कुछ जेवरात व रुपये आरोपियों के पास मिले थे। मृतका के बेटे विजय रावत ने घटना की प्राथमिकी 6 अप्रैल 2017 को पट्टी पटवारी के समक्ष दर्ज कराई थी। विजय रावत मुंबई में रहता था। उसे 4 अप्रैल को अपनी मां के गायब होने की सूचना मिली थी। इसके बाद वह गांव आया। उसके पिता त्रिलोक सिंह और संजय युगांडा में थे। निचली अदालत से मिली सजा के खिलाफ सत्येश कुमार उर्फ सोनू व मुकेश थपलियाल ने हाईकोर्ट में अपील भी दायर की थी। इस मामले में हाईकोर्ट ने गवाहों के बयानों को गंभीर संदेह पैदा करने वाला बताया और अपीलकर्ताओं द्वारा ही महिला की हत्या की गई हो ऐसा विश्वास नहीं होना पाते हुए कहा कि गंभीर संदेह कभी प्रमाण का स्थान नहीं ले सकता।

# दुष्कर्म के तीन दोषियों को बीस साल की सजा, 1.56 लाख जुर्माना

रूद्रपुर। रुद्रपुर में न्यायालय एफटीएससी/ अपर सत्र न्यायाधीश ने 12 साल की लड़की से दुष्कर्म के तीन दोषियों को 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही तीनों पर एक लाख 56 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अप्रैल 2022 में किच्छा कोतवाली में एक व्यक्ति ने तहरीर देकर कहा था कि रयूली देवरनिया जिला बरेली निवासी राजू उनकी 12 साल की बेटी पर बुरी नजर रखता था। छह अप्रैल 2022 की शाम उनकी बेटी गांव में ही एक घर से दूध लेकर लौट रही थी। इस दौरान राजू अपने साथी लालता प्रसाद और दीपू निवासी ग्राम सैंजना किच्छा उनकी बेटी को एक बंद घर के सामने झाड़ियों में ले गए। यहां उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर राजू ने दुष्कर्म किया और लालता व दीपू ने उसका साथ दिया। मामले में पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस की ओर से 17 जून 2022 को अदालत में आरोपपत्र दाखिल किए गए। मामले की सुनवाई एफटीएससी/अपर सत्र न्यायाधीश संगीता आर्या की अदालत में हुई थी। विशेष लोक अभियोजक ने अदालत में नौ गवाह और साक्ष्य पेश कर तीनों अभियुक्तों पर दोष सिद्ध कर दिया। अदालत ने दोषी राजू, लालता प्रसाद और दीपू को 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने तीनों पर 52-52 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

# उत्तराखंड के कांग्रेस नेताओं की एआइसीसी मुख्यालय में होगी बैठक

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश में कांग्रेस में नए सिरे से जान फूंकने की तैयारी है। दो विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव के परिणाम पक्ष में आने के बाद पार्टी का मनोबल बढ़ा है। पार्टी के सामने अब प्रदेश में नगर निकाय चुनाव के साथ ही केदारनाथ उपचुनाव की चुनौती है। इसे देखते हुए प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी, विधानमंडल दल के साथ ही पूर्व विधायकों, पूर्व मंत्रियों एवं पूर्व सांसदों की गुरुवार को नई दिल्ली में बैठक बुलाई है। कांग्रेस नेतृत्व उत्तराखंड में पार्टी के जनाधार को लेकर चिंतित है। लोकसभा चुनाव में पार्टी को प्रदेश की सभी पांचों सीट पर पराजय मिली थी। हार के कारणों पर मंथन के लिए पार्टी नेतृत्व की ओर से पीएल पूनिया समिति गठित की गई। पूर्व सांसद पीएल पूनिया गत माह तीन दिवसीय भ्रमण पर उत्तराखंड आए थे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत समेत पार्टी के समस्त विधायकों, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, पूर्व विधायकों एवं पूर्व सांसदों से अलग-अलग भेंट कर लोकसभा चुनाव में हार के कारणों पर फीडबैक लिया। वरिष्ठ नेता पीएल पूनिया के दौरे के बाद कांग्रेस नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने गुरुवार को प्रदेश संगठन, विधानमंडल दल समेत तमाम नेताओं की बैठक नई दिल्ली में एआइसीसी मुख्यालय में बुलाई है। बैठक में प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता सम्मिलित होंगे। वहीं बदरीनाथ और मंगलौर विस उपचुनाव में मिली जीत से कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा है। अब कांग्रेस के सामने आगामी निकाय चुनाव और केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने की चुनौती है। इसके लिए पार्टी तैयारियों में जुट गई है। प्रदेश प्रभारी शैलजा कुमारी ने आठ अगस्त को दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस चुनाव कमेटी की बुलाई है। जिसमें चुनावी रणनीति पर मंथन किया जाएगा। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व सीएम हरीश रावत, विधायक प्रीतम सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व मंत्री नवप्रभात, शूरवीर सिंह सजवाण, पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

# केदारनाथ से शिला ले जाने के कारण आई आपदा !

## आपदा को लेकर भाजपा और कांग्रेस में आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के केदारनाथ क्षेत्र में आई आपदा के बाद अभी राहत कार्य चल रहा है। लेकिन उत्तराखंड के नेता आपदा पर भी राजनीति कर रहे हैं। दोनों ही राष्ट्रीय पार्टी बीजेपी और कांग्रेस केदारनाथ में आई आपदा की वजह एक दूसरे को बता रहे हैं। कांग्रेस ने आपदा का जिम्मेदार सरकार को ठहराया है। बीते बुधवार को उत्तराखंड के केदारनाथ क्षेत्र में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ। स्थिति ये है कि यहां 6 दिन से लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस सहित सेना ने मोर्चा संभाला हुआ है। लेकिन इस बीच उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने इस पूरी आपदा का जिम्मेदार बीजेपी पर लगाया है। करन माहरा ने प्रदेश सरकार को केदारनाथ आपदा का जिम्मेदार ठहराया है। इसके साथ ही देश में



जगह-जगह आ रही आपदा का सीधा जिम्मेदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बता दिया। उन्होंने दिल्ली में केदारनाथ मंदिर निर्माण के लिए शिला ले जाने, केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह का कानून तोड़ने और देवी की गुफा का नाम बदलने को केदारनाथ में आपदा का कारण बताया है। साथ ही उन्होंने कहा कि उन्होंने भगवान से प्रार्थना की है कि जिसने अपराध किया है सजा उसे ही मिलनी चाहिए गरीब जनता को नहीं।अब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने बीजेपी पर इतने बड़े आरोप लगाए तो फिर बीजेपी ने भी पलटवार किया है। बीजेपी के ओर से कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने उत्तराखंड कांग्रेस द्वारा आयोजित केदारनाथ प्रतिष्ठा सम्मान पदयात्रा पर तो सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने भी कह दिया कि उनकी यात्रा को खुद भगवान केदारनाथ ने रोक दी क्योंकि उनकी नियत ही साफ नहीं थी। इसके साथ ही बीजेपी का कहना है कि कांग्रेस ने केदारनाथ यात्रा का राजनीतिकरण किया है।

# अभिभावक अपने बच्चों पर रखें नजर: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति से चिंतित जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग को ड्रग्स एवं अन्य मादक पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद के सभी विद्यालयों में एंटी ड्रग्स समितियों का गठन कराने के साथ ही विद्यालयों में बच्चों पर पैनी नजर रखते हुए उनकी नियमित चैकिंग कराने व उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। क्लेक्ट्रेट सभागार में पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा व समाज कल्याण विभागों की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने शिक्षा, पुलिस व स्वास्थ्य विभाग को सभी विद्यालयों में छात्रों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने नशामुक्त भारत अभियान के तहत विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश पुलिस को दिए। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों के व्यवहार व क्रियाकलापों पर भी नजर रखें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग व ड्रग्स निरीक्षक को मेडिकल स्टोरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा नियमित निरीक्षण कर प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंनें ड्रग्स व अन्य मादक पदार्थों को रोकने हेतु नगरीय क्षेत्रों व सेमी नगरीय क्षेत्रों में पैनी नजर रखने तथा औचक निरीक्षण करने के निर्देश पुलिस व राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में प्रात: नैतिक शिक्षा पाठ के साथ ही छात्रों को महापुरूषों की जीवनी से भिज्ञ कराने के निर्देश दिए।बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, वरिष्ठ ड्रग्स निरीक्षक नीरज कुमार, एसओजी इंस्पेक्टर संजय पाठक, जिला आबकारी अधिकारी महेन्द्र सिंह बिष्ट, भारत विकास परिषद संस्था के विष्णु कुमार सक्सेना, महिला संयोजक गुंजन खैरा, दीप्ति सलूजा, राहुल सिब्बल, गायत्री संस्था के सदस्य आदि मौजूद थे।



# डीएम से की फिटनेस सेंटर में चल रही अनियमितताओं की शिकायत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह के अध्यक्षता में परिवहन विभाग की फिटनेस सेन्टर के संबंध में बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में हरीश पनेरू व रूद्रपुर की विभिन्न ट्रांसपोर्ट कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा रूद्रपुर (लालपुर) में प्राइवेट फिटनेस सेन्टर द्वारा फिटनेस सर्टिफिकेट हेतु अवैध वसूली के संबंध में शिकायत की साथ ही फिटनेस सेन्टर द्वारा सही वाहन को भी फेल करने के प्रकरण के बारे में भी अवगत कराया तथा जिलाधिकारी से इस पर आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने एआरटीओ से इस प्रकरण से संबंधित की गई अब तक की कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने एआरटीओ को आगामी दस दिनों तक आर0आई0 व ट्रांसपोर्ट प्रतिनिधियों को साथ लेकर इस प्रकरण की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन की ओर से परिवहन सचिव व परिवहन आयुक्त को पत्राचार किया जायेगा व आवश्यक सुधारात्मक प्रयास किये जायेगें। उन्होंने कहा कि जनपद में दो और फिटनेस सेन्टर खोलने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था करने की बात भी कही है। एआरटीओ चक्रपाणि मिश्रा ने बताया कि गुरूवार 8 अगस्त से एआरटीओ या उनका स्टाफ फिटनैस सेन्टर पर उपस्थित रहेंगे। कोई भी वाहन स्वामी अपने वाहन की फिटनेस उनके सामने करा सकते है। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एआरटीओ चक्रपाणि मिश्रा, निखिल शर्मा, ट्रांसपोर्ट प्रतिनिधि रोहित बंसल, यमन बब्बर, दिपांशु बब्बर, मोहित राय, हरेन्द्र पाल आदि उपस्थित थे।



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# विधायक जीना को मिली जान से मारने की धमकी

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा में सल्ट के भाजपा विधायक महेश जीना और उन्हीं की पार्टी के क्षेत्र पंचायत सदस्य हंसा उर्फ हर्ष नेगी के बीच चल रहा मनमुटाव का मामला शांत नहीं हो पा रहा है। पिछले सप्ताह ही हर्ष नेगी के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कराने वाले विधायक महेश सिंह जीना ने मंगलवार की रात उन पर एक और केस दर्ज कराया है। जीना ने नेगी पर मोबाइल पर गालीगलौज, अभद्रता तथा परिवार समेत जान से मारने की धमकी देने जैसे आरोप लगाए हैं।जीना ने थाना भतरौंजखान में केस दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि उन्हें मंगलवार रात करीब 9:23 बजे से 11:11 बजे तक हर्ष नेगी और किसी अज्ञात व्यक्ति की ओर से अंजान नंबर से कई बार फोन किया गया और परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी गई। उनका आरोप है कि हर्ष नेगी उन्हें बार-बार धमकी दे रहा है। गलत तरीके से रिकार्डिंग करने का प्रयास किया जा रहा है।वधायक के अनुसार उन्होंने इस बारे में थानाध्यक्ष भतरौंजखान को रात 11:14 बजे ही जानकारी दे दी थी। विधायक ने आरोपी को जिलाबदर करने की मांग उठाई है। आरोपी हंसा नेगी भाजपा के ही सक्रिय कार्यकर्ता और क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं। विधायक की ओर से आरोपी के खिलाफ एक ऐसा ही मुकदमा पिछले सप्ताह भी दर्ज कराया था। जबकि दो दिन पहले ही विधायक और बीडीसी सदस्य के समर्थकों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। इस मामले में दोनों पक्ष पुलिस के पास गए थे लेकिन पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय उनकी तहरीर को जांच के लिए रखा हुआ है।

गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध
- 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
- मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 एवं 3 बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।
-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015

# श्री राम कृष्ण हाईस्कूल में कला प्रतियोगिता आयोजित

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। निर्मल नगर क्षेत्र के श्री राम कृष्ण हाई स्कूल में कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें समस्त कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बैद्यनाथ मिस्त्री, सुजीत मंडल (अंग्रेजी), नंद गोपाल (गणित), नित्यानंद बाछाड़ (संस्कृत) श्रीमती अमृता हालदार एवं ज्योति बैध (कला प्रभारी) अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहें। प्रधानाचार्य ने कहा कि छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान के अतिरिक्त अन्य क्रियाकलापों में भी प्रतिभाग करना चाहिए।



# कबीर मण्डल का नवोदय विद्यालय में चयन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म के ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के कक्षा 6 में अध्ययनरत कबीर मंडल पुत्र पंकज मंडल के जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने पर विद्यालय प्रबंधन नवीन जोशी ,एकेडमिक डायरेक्टर प्रदीप रौतेला प्रधानाचार्य सदानंद बिस्वाश सहित समस्त स्टाफ ने माता-पिता सहित समस्त शक्तिफार्मवासियों को बधाईयां दी। कबीर मण्डल ने नवोदय की तैयारी क्वांट्स कोचिंग सेंटर से की है।



# महिला का हमलावर चाकू सहित गिरफ्तार

हल्द्वानी । गत दिनों ट्रांसपोर्ट नगर के जीतपुर नेगी क्षेत्र में महिला पर चाकू से वार करने वाले आरोपी को पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 4 अगस्त को ट्रांसपोर्ट नगर चौकी क्षेत्र के जीतपुर नेगी में एक महिला पर चाकू से वार करने की वारदात के संबंध में कोतवाली मे मुकदमा दर्ज कराया गया था। उमेश कुमार मलिक प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी का अवलोकन कर मामले में आरोपी युवक को हैडा गज्जर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता अर्जुन राजपूत पुत्र हरवंश सिह निवासी मंशा खेड़ा शीशगढ़ जिला बरेली बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अदद नाजायद चाकू बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि विजय मेहता चौकी प्रभारी मण्डी, कानि. अनिल टम्टा चौकी टीपीनगर कानि. तारा सिंह चौकी टीपीनगर शामिल थे।



# ट्रांसपोर्टर और मजदूरों का विवाद सुलझा

गदरपुर(उद संवाददाता)। ट्रांसपोर्टर और मजदूर की खींचतान के चलते उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी को देखते हुए उत्तरांचल दर्पण ने अपने 7 जुलाई के अंक में ट्रांसपोर्टर की मनमानी से रसोई गैस की आपूर्ति बाधित उपभोक्ता में भारी रोष हैडलाइन के साथ समाचार का प्रकाशन किया था 3 दिन से गदरपुर में उपभोक्ताओं को गैस न मिलने से उपभोक्ताओं में भारी रोष देखने को मिल रहा था खबर का प्रकाशन होते ही उच्च अधिकारियों के मामला संज्ञान में जाने पर सेल्स मैनेजर ने ट्रांसपोर्टर से बात करते हुए फिलहाल किसी तरह मामले को एक बार सुलझा दिया है गदरपुर गैस एजेंसी के प्रबंधक कुंवर राम आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले तीन दिनों से ट्रांसपोर्टर की लापरवाही के चलते गदरपुर में गैस का वितरण नहीं हो पा रहा था सेल्स मैनेजर और अन्य उच्च अधिकारियों ने ट्रांसपोर्टर से बात करके फिलहाल गदरपुर की गैस आपूर्ति सुचारू करवा दी है अब सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिलेगा।



# कृष्णा देवी मिड्ढा के निधन पर शोक जताया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। व्यापार मंडल के सरपरस्त जगदीश छावड़ा के निवास पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें अशोक मिड्ढा की माता कृष्णा देवी मिड्ढा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। कस्तूरी लाल तागरा ने कहा कि माता कृष्णा देवी मिड्ढा एक धार्मिक विचारों की महिला थी, वह समाज सेवा में लगी रहती थी। माताजी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गयी है। माताजी के बच्चे भी समाजसेवा में अग्रणीय हैं। जगदीश छाबड़ा ने इसको अपूर्ण क्षति बताया। इस अवसर पर सुभाष छावड़ा, कस्तूरी लाल तागरा, रोशन तागरा, सुभाष खंडेलवाल, सुरेश मदान,नरेन्द्र गगनेजा,मनोहर लाल मिगलानी,बिरेन्द्र सुखीजा, मान सिंह ग्रोवर,नरेश सेठ ,राकेश सुखेजा, हरीश सुखीजा, राकेश जुनेजा, केशव ठक्कर,प्राण ठक्कर,सनी गावा, वेदप्रकाश खुराना,हंश बाबू आदि थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति लापता हो गया। परिजनों ने उसकी कई जगह तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला है। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदा की तलाश की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से गली नं 17 लाल मस्जिद के पीछे हल्द्वानी निवासी सलीम पुत्र शफीक वर्तमान में यहां जगतपुरा में रह रहा था, बीते दिनों वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने उसकी कई जगह तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। सलीम की पत्नी नसरीन ने मामले में पुलिस को तहरीर देकर लापता पति की तलाश करने की गुहार लगायी है।



# भारत विकास परिषद ने मनाया तीज पर्व

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद शाखा नानकमत्ता द्वारा तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने हाथों पर मेहंदी लगाकर तीज पर्व मनाया भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित तीज पर्व पर मंदिर हाल में महिलाएं सज धज कर पहुंची, जिन्होंने हाथों में मेहंदी और हरे परिधान पहन कर तीज पर्व की एक दूसरों को बधाई दी। शाखा की संयोजिका लता अग्रवाल ने बताया कि तीज महोत्सव की संध्या पर मेहंदी रचे हाथ, गेम्स , झुला, तंबोला , लजीज व्यंजन प्रतियोगिता आदि आयोजित हुई । तीज प्रोग्राम में मंजू अग्रवाल , दीप्ति अग्रवाल , लता अग्रवाल , श्वेता अग्रवाल , पूजा अग्रवाल , अलका गोयल , रचना गोयल , पलक अग्रवाल , बुलबुल अग्रवाल , ज्योति गोयल आदि मौजूद रहे ।



# महिलाओं ने मनाया तीज महोत्सव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पवित्र श्रावण माह में हरियाली तीज महोत्सव श्री तिरुपति बालाजी सेवा समिति द्वारा गोलचा कंपाउंड शिव मन्दिर में आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं ने दिन के 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान शिव का कीर्तन भजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम की सयोजिका समाजसेविका श्रीमती पुष्पा शर्मा थीं। इस मौके पर सेवादार हरीश मनराल, महिला सेवादार पिंकी शर्मा, कल्पना चौहान, माया देवी, मुन्नी मनराल, दीपिका कुमारी, पुष्पा, कविता बिष्ट, हेमा, तरु वर्मा, जतिन, अभिषेक, पूरन गिरी, हर्षित जी , सूरज वर्मा, धरमवीर आदि मौजूद रहे।



# भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

देहरादून। उत्तराखंड के दो जिलों में आज भारी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग की ओर से कुमाऊं के बागेश्वर और चंपावत जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर में शनिवार के लिए येलो अलर्ट है। मौसम विज्ञान केंद्र ने बागेश्वर और चंपावत के अधिकतर हिस्सों में तेज गर्जन और बिजली चमकने के साथ भारी बारिश के आसार जताए हैं। जबकि, अन्य जिलों में भी गर्जन और बिजली चमकने के साथ कई दौर की बारिश हो सकती है। नदी किनारे बसे लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

# जन स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता : उदय राज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जन स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता है इसलिए चिकित्सालयों में सभी सुविधाएं व औषधियां उपलब्ध करायी जायें साथ ही चिकित्सालयों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जायें, यह निर्देश जिलाधिकारी/अध्यक्ष उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय, चिकित्सा प्रबन्धन समिति की बैठक लेते हुये दिये। चिकित्सा प्रबन्धन समिति द्वारा जिला चिकित्सालय के लिये 18 प्रस्ताव अनुमोदित कर मुख्य कोषाधिकारी से परीक्षण एवं अपर जिलाधिकारी से स्वीकृत कराते हुये खरीद वित्तीय मानकों के अनुसार करने के निर्देश दिये ताकि वित्तीय अनियमितता न हो सके। समिति द्वारा रोगी आहार व्यवस्था हेतु निविदा कराने, पार्किंग निविदा कराने, चिकित्सालय के भीतर शौचालयों व परिसर में बने सुलभ शौचालय की मरम्मत करने, चिकित्सालय में आने वाले रोगियों के बैठने हेतु वैंच क्रय करने, शव विच्छेदन गृह का जीर्णोंद्धार एवं आवश्यक उपकरण क्रय करने, परिसर में बनी जनरल स्टोर की निविदा करने,



प्लेटलेट सेप्रेटर मशीन क्रय करने, अस्थि रोग विभाग हेतु आर्थो फ्रैक्चर टेबल का क्रय करने एवं एसी लगाने, फोटोथैरेपी मशीन, चिकित्सालय में उपयोग हेतु कम्प्यूटर, लैपटॉप क्रय करने, जिला चिकित्सालय के गंभीर रोगियों को भर्ती करने हेतु मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर में 30 बैड आईसीयू बनाये जाने, चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट संचालन हेतु आउटसोर्स से कार्मिक तैनात करने, चिकित्सालय में ओटी कॉम्प्लैक्स को आधुनिक रूप में विकसित करने के साथ हीचिकित्सालय में कायाकल्प कार्यक्रम के अन्तर्गत चिकित्सालय के सौन्दर्यी करण, स्टाफ मैनेजमेंट, चिकित्सालय प्रयोगार्थ आवश्यक मीन/उपकरण के क्रय हेतु 1 करोड़ 8 लाख की धनराशि अनुमोदित की गयी।जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का स्वयं निरीक्षण कर चिकित्सालयों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. के.के. अग्रवाल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार त्रिपाठी, डॉ. संजीव कुमार गोस्वामी,महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रतिनिधि डॉ. बीडी पुनेरा, सांसद प्रतिनिधि अतुल जोशी, क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि राजेश जग्गा, आमंत्रित सदस्य प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. के एस शाही आदि मौजूद थे।




# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने मॉडल बनाकर दिखाई प्रतिभा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के रेनबो पब्लिक स्कूल में विगत वर्षो की भॉति विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 9 व 11 के विद्यार्थियों ने विभिन्न वर्किंग एवं नॉनवर्किंग मॉडल द्वारा अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।सर्वप्रथम संचालिका श्रीमती जिंदर कौर ने श्री मती अनुपम मिश्रा एवं सीमा त्यागी सहित मुख्य अतिथि गिरीश शर्मा का हार्दिक अभिनंदन किया। प्रबंधक संजीव मलिक ने प्रधानाचार्य संजय अग्रवाल एवं उपप्रधानाचार्या सुश्री स्मिता पाठक, गीतांजली मलिक सहित गुलदस्ता भेंट कर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने रिबन काटकर प्रदर्शनी का उदघाटन किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि गिरीश शर्मा ने एक-एक कर






समस्त माडलों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों से मॉडलों से सम्बंधित प्रश्न पूछे। जिसमें एसिड रेन, बद्रीनाथ मंदिर, नेचुरल ब्यूटी प्रोडक्त, अर्थेनपॉट ए.सी. गैस लीकेज डिटेक्टर, ऊब्लॉक, सोलर इर्रीगेशन, मीनाक्षी मंदिर, चैनल ऑफ डिस्ट्रीब्यूशन, सेल टू आर्गेनिजम फारमेशन, एंटीग्रेविटी व्हील, इनविसीबिल इंक आदि मॉडल बहुत पसंद किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गिरीश शर्मा ने अपने उदबोधन में कहा कि शिक्षा मनोवृत्तियों के विकास का माध्यम है। आओ करके सीखे और विभिन्न प्रयोग अनुशासित नियमों का ही परिमार्जित स्वरुप है, जिसके साक्षात दर्शन विद्यार्थियों के प्रदर्शन में हुए है। विद्यालय प्रबंधक संजीव मलिक ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की जिसके पीछे प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण उचित मार्गदर्शन बताया विद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन से शारीरिक शिथिलता तो दूर होती ही है साथ ही कठिन साधना, अनुशासन, प्रतियोगिता की भावना, भाईचारा,धैर्य-क्षमा आदि मानवमूल्यों का स्वत: ही विकास होता है। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य संजय अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। श्री अग्रवाल ने मुख्य अतिथि गिरीश शर्मा को विद्यार्थियो के उत्साहवर्धन के लिए अपना कीमती समय देने के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से सक्रिय समस्त शिक्षकगण की भूरि-भूरि प्रशंसा की, प्रतिभागी समस्त छात्र-छात्राओं को शाबाशी दी एवं भविष्य मे बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर कीआर्डीनेटर जी. एस. रावत , जिंदर कौर, काजल झाम, सरिता सिंह, एम. सी. बधानी,बलविंदर कौर, नैना अरोरा सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

# ब्यूटीशियन सेंटर का किया शुभारंभ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाईचारा एकता मंच द्वारा संचालित ब्यूटीशियन सेंटर का शुभारंभ मंच की महिला संयोजका व नगर निगम रुद्रपुर की मेयर पद की दावेदार काजल गंगवार ने फीता काटकर किया। उल्लेखनीय है कि भाईचारा एकता मंच द्वारा समय-समय पर सिलाई कढ़ाई बुनाई ब ब्यूटीशियन सेंट्रो से महिलाओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक किया जाता है तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाता है इसी क्रम में संजय नगर खेड़ा में संगठन की सदस्य चंपा रावत द्वारा ब्यूटीशियन सेंटर का संचालन शुरू किया गया जिसका उद्घाटन भाईचारा एकता मंच की संयोजका ब नगर निगम रुद्रपुर की मेयर पद की दावेदार काजल गंगवार ने फीता



काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाएं स्वरोजगार के माध्यम से ही आत्मनिर्भर बन सकती हैं जिससे वह अपने परिवार के भरण पोषण में भी अच्छा सहयोग कर सकती हैं शुभारंभ के अवसर पर भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार,केंद्रीय कोषाध्यक्ष स्वामी आधार श्रीवास्तव, प्रिंस पटेल सहित केंद्र में प्रशिक्षण लेने वाली सभी महिला एवं छात्राएं मौजूद रही।

# ईश्वर सर्वव्यापी और सर्वत्र: शास्त्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 18वें दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री ने कहा कि सुव्यवहार ही भक्ति है,जिसके व्यवहार में दंभ है, अभिमान है उसका व्यवहार अशुद्ध है, सब में ईश्वर का अनुभव करने से लाभ ही लाभ है, ईश्वर कोई ऐसी वस्तु तो है नहीं जो एक ही स्थान पर रह सके यह तो सर्वव्यापी और सर्वत्र है। हरियाली तीज के अवसर पर फूलों से भगवान जी का श्रृंगार किया गया एवं मेहंदी की सेवा क्वीन ब्यूटी पार्लर की संचालक श्रीमती मीनू पाल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष की



नि:शुल्क की गई। प्रसाद की सेवा अध्यक्ष श्री जय भवानी जागरण मंडल सोमनाथ छाबड़ा एवं मंच संचालक श्री सनातन धर्म सभा के परिवार द्वारा पोते शिवाय के जन्मदिन की खुशी में एवं स्वर्गीय जयराम ढींगरा की याद में उनके पुत्रों रमेश ढींगरा, सुखदेव ढींगरा व बल्देव ढींगरा के परिवार द्वारा दी गई।



# कोलम्बस स्कूल में इन्टरैक्ट क्लब के सदस्यों का शपथ समारोह सम्पन्न

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल के सभागार में स्कूल के इन्टरैक्ट क्लब के नवनियुक्त सदस्यों का शपथग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। इस समारोह में रूद्रपुर रोटरी क्लब के अध्यक्ष सी0ए0 जय प्रकाश जी, सचिव डॉ0 नितिका पांडे जी, कोषाध्यक्ष चंचलजीत सिंह ने विशेष रूप से शिरकत की।ज्ञात हो कि गत वर्ष कोलम्बस स्कूल ने रोटरी क्लब रूद्रपुर में पंजीकरण कर इन्टरैक्ट क्लब की सदस्यता ली थी। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा, प्रधानाचार्य मनोज कुमार व मौजूद अतिथिगणों ने दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारम्भ किया। तदुपरांत विद्यालय के प्रबंध निदेशक द्वारा पुष्पगुँज भेंट कर अतिथि गणों का औपचारिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए विद्यालय के समूहगान दल के सदस्यों ने स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। तत्पश्चात् विद्यालय के इन्टरैक्ट क्लब के नवनियुक्त पदाधिकारी छात्रगणों का शपथग्रहण समारोह हुआ जिसमें समस्त पदाधिकारियों ने कर्त्तव्य निर्वहन की शपथ ली। डिस्ट्रिक्ट इंटरैक्ट कमेटी चेयर अनिल जोशी ने नवनियुक्त पदाधिकारी छात्रगणों से इन्टरैक्ट क्लब व रोटरी क्लब के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। उन्होंने इन्टरैक्ट क्लब के सदस्य छात्र-छात्राओं व संगीत व नृत्य कलाकारों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर कोलम्बस स्कूल के रोटरी क्लब के छात्र-छात्राओं ने एक डॉक्यूमेंट्री को चलचित्र के माध्यम से परदे पर दर्शाया। जिसमें पिछले व इस वर्ष के दौरान इंटरैक्ट क्लब के द्वारा किये गये विभिन्न क्रियाकलापों जैसे कि पेपर बैग वर्कशॉप, वृक्षारोपण अभियान, साक्षरता अभियान,रक्तदान, राइला, क्षेत्रीय खेल अभियान,कल्याणी नदी स्वच्छता अभियान को दर्शाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने कहा कि इन्टरैक्ट क्लब से जुड़े छात्र-छात्राओं द्वारा गत वर्ष से निरन्तर प्रौढ़-शिक्षा, रक्तदान, अनाज वितरण, वृक्षारोपण, हस्तनिर्मित पेपरबैग वितरण आदि सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर योगदान दिया जा रहा है। वहीं विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने बताया कि छात्रगणों को इस क्लब से जोड़ने का मुख्य उद्देश्य उनमें समाज सेवा का भाव जाग्रत करना है। अंत में कोलम्बस पब्लिक स्कूल की इंटरैक्ट क्लब एडवाइजर डॉ0 परविंदर कौर ने धन्यवाद प्रस्ताव पढ़कर कार्यक्रम का समापन किया।समारोह के दौरान रोटेरियन अनुप्रिया अरोरा, इंटरैक्टर रिज्जुल मदान, इंटरैक्टर संपदा तिवारी, इंटरैक्टर लक्ष्य गोयल, इंटरैक्टर माधव मनोज खेड़ा, इंटरैक्टर गौरी गगनेजा, इंटरैक्टर कनिष्का मौर्या सहित शिक्षकगण मौजूद रहे।







## जलभराव का लिया जायजा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने मुख्य नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, सीओ सिटी मनोज कत्याल एवं सिंचाई विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न वार्डो में पहुंचकर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। बारिश और मौसम विभाग द्वारा जारी किये गये अलर्ट को देखते हुए निवर्तमान मेयर रामपाल ने बुधवार को वार्ड नंबर 20 भूत बंगला स्थित सिंचाई विभाग के चेक डैम के पास बहुत अधिक मात्रा में इकट्ठे हुए कूड़े को नगर निगम की जेसीबी मशीन द्वारा साफ करवाया जिसके कारण बरसात में शिवनगर राजा कॉलोनी गड्ढा कॉलोनी ट्रांसिट कैंप आजाद नगर



मुखर्जी नगर जगतपुरा आदि बस्तियों में हुए जल भराव की समस्या बनी हुई थी। भूत बंगला चैक डैम की सफाई होने के बाद पानी की निकासी सुचारू हुई जिसके कारण शीघ्रता से बस्तियों का जलस्तर नीचे आ गया जिससे बस्तियों के लोगों को राहत मिली इसके बाद सीओ सिटी मनोज कत्याल के साथ किच्छा रोड स्थित तीन पानी डैम पर पहुंच कर जल भराव का स्थलीय निरीक्षण किया। रामपाल सिंह ने भारी वर्षा के कारण अत्यधिक जलभराव होने की स्थिति में लोगों को सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया। रामपाल ने कहा कि नगर निगम एवं जिला प्रशासन जलभराव से निपटने के लिए अपने सतर से प्रयास कर रहा है लोगों को भी सचेत रहने की जरूरत है। इस मौके पर नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षपाल सिंह चंडोक, गजेंद्र पाल, कुलदीप कुमार,निवर्तमान पार्षद सीमा गुप्ता, मनोज गुप्ता,भुवन गुप्ता, परवेज खान,प्रमोद शर्मा, रामभरोसे, नेकचद्र, अयूब खान, शहीद रजा आदि लोग मौजूद रहे

## हर घर तिरंगा अभियान के लिए बनाई रूपरेखा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।भाजपा जिला कार्यालय पर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर रूपरेखा तैयार की गयी। बैठक का शुभारंभ दीप प्रजलित कर हुआ। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व तिरंगा अभियान के संयोजक प्रदीप बिष्ट ने कहा कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें हमको बूथ स्तर तक व्यापक अभियान चलाकर घर घर तिरंगा पंहुचाना है । बिष्ट ने बताया कि यह अभियान बहुत महत्वपूर्ण है इसको उचित प्रकार से सोशल मीडिया व अन्य माध्यमो से प्रसारित करना है जिससे हर देशभक्त नागरिक मे तिरंगा लगाने के प्रति भावना जगरित हो, इस अभियान मे 11से 13 अगस्त तक युवा मोर्चा द्वारा पूरे जिले मे तिरंगा बाइक रैली आयोजित की जायेगी, साथ हीं 11से 13 अगस्त तक महापुरुषों की मूर्तियों पर सफाई अभियान, मालअर्पण अभियान चलाना है तो वही 13 से 15 अगस्त तक घर घर तिरंगा अभियान चलाया जायेगा जिसमे सभी कार्यकर्ताओ ने अपने अपने क्षेत्र मे इस अभियान मे सहभागिता करनी है। प्रदीप बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देशभर ने यह अभियान युद्धस्तर पर चलाया जायेगा जिससे हमारी आजादी का यह पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए। साथ हीं उन्होंने ने बताया की 15 अगस्त से एक दिन पूर्व 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जायेगा जिसमे उस समय विभाजन के दर्द यातनाओ को सहने वालों को सम्मानित किया जायेगा यह कार्यक्रम किच्छा मे होना,जो बड़े स्तर पर आयोजित होगा और साथ हीं एक मोन पैदल मार्च निकाल के दिवंगत आत्माओ को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी।बिष्ट ने कहा कि पूरे जिले मे सभी कार्यक्रम भव्य व्यवस्थित होंगे ऐसा पूर्व विश्वास है। भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा हर घर तिरंगा अभियान पूरे जिले मे ऐतिहासिक होंगा और इसकी तैयारी के लिये सभी कार्यकर्त्ता पूर्ण मनोयोग से कार्य करेंगे, और सभी कार्यक्रम सफल होंगे पूर्ण विश्वास है। कार्यक्रम में समापन भाषण भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने दिया उन्होंने कार्यकताओं मे जोश भरते हुए कहा की तिरंगा हमारे देश की शान है और यह हर घर हर क्षेत्र मे पूरी शान से लहराये इसके लिये हम सभी को इस अभियान मे जुटना है और पूरे जिले मे सभी कार्यक्रम भव्य रूप से होंगे ऐसा पूर्ण विश्वास है। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, दर्जामंत्री उत्तम दत्ता,जिला महामंत्री अमित नारंग, सतीश गोयल, अभियान के सयोंजक राजेश तिवारी, राकेश सिंह, अभियान के सहसयोजक तरुण दत्ता, शालनी बोरा, प्रेम लता, धर्म सिंह कोली, धीरेश गुप्ता, अक्षय अरोरा, जीवन धामी, श्रीकांत राठौर, धीरेन्द्र मिश्रा , विमला मंडोला, अनिल यादव, इंद्रपाल मान, हरीश भट्ट, भुवन जोशी, किशोर जोशी, बंटी खुराना, अंजू देवी, मयंक कक्कड़, गजेंद्र प्रजापति, दिग्विजय खाती, सुनील यादव, मोहन तिवारी, गिरीश तिवारी, संदीप बाजवा, बिट्टू चौहान, मयंक अग्रवाल, शशांक बिष्ट, आयुष चिलाना व अन्य लोग मौजूद रहे।




## हरियाली तीज पर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

किच्छा(उद संवाददाता)। हरियाली तीज पर नगर में महिलाओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर मेहंदी रचाई तथा कई स्थानों पर मेहंदी प्रतियोगिता का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। उत्तरांचल कॉलोनी में स्थित भाजपा के विधानसभा मीडिया प्रभारी के निवास पर हरियाली तीज पर महिलाओं द्वारा हरियाली तीज का कार्यक्रम आयोजित किया तथा महिलाओं द्वारा यहां पर मेहंदी रचाई गई और एक दूसरे को मिष्ठान वितरण कर हरियाली तीज की बधाई देते हुए हर्षोल्लास के साथ हरियाली तीज पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर रश्मि सक्सैना ने कहा कि हरियाली तीज जहां सावन के महीने में महिलाओं के लिए एक त्योहार के रूप में आता है जिसमें महिलाएं प्रसन्न होकर सावन के गीतों में मग्न होकर झूला झूलती है तथा शिवजी के इस पावन पर्व पर उनकी भी पूजा आराधना करते हुए अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना करती है। इस अवसर पर जहां चारों ओर हरियाली फैली रहती है और प्रत्येक मनुष्य के जीवन में खुशी की उमंग उठती है वह अपने आप में ईश्वर की ही परिणीति है। उन्होंने बताया की हरियाली तीज पर प्रत्येक घर में सभी प्रकार के पकवानों का बनाया जाना उसका वितरण करना अपने आप में एक प्रेम की अनुभूति प्रकट करता है।इस अवसर पर मुख्य रूप से ज्योति गुप्ता, डॉली भारद्वाज, अनीता सक्सैना आदि लोग मौजूद थे। वहीं चाचा नेहरू पार्क में डॉक्टर संगीता शर्मा के आवास पर भी हरियाली तीज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पूनम अग्रवाल, रेणुका चौधरी, हेमलता चौहान, संगीता सिंह, सुनीता सिंह, रितु अग्रवाल, गीता रसीला, निशा डसीला, नीतिका सिंह, आकांक्षा रघुवंशी, दिव्यांशी शर्मा,ज्योति जड़िया, सीता, किशोर, दयाल, रसीला आदि मौजूद थे।




## किसान प्रश्न मंच में समृद्धि एफपीओ टीम ने जीते 6 कप

गदरपुर(उद संवाददाता)। एन सी डी सी देहरादून के वित्तीय पोषण एवं कृषि विज्ञान केंद्र काशीपुर के तकनीकी सहयोग से गठित एफ पी ओ समृद्धि कृषक उत्पादक संगठन सहकारी समिति लि.गदरपुर की 20 सदस्यीय टीम ने दूरदर्शन नई दिल्ली द्वारा आयोजित किसान प्रश्न मंच सीजन 2 में प्रतिभाग किया।इस प्रतियोगिता का आयोजन समृद्धि कृषक उत्पादक संगठन गदरपुर एवं प्रगतिशील कृषक उत्पादक संगठन काशीपुर के बीच विश्व विद्यालय पंत के प्रसार एवं शिक्षा



निदेशक डॉ. जितेंद्र क्वात्रा,डॉ. निर्मला भट्ट,कृषि विज्ञान केन्द्र काशीपुर के वैज्ञानिक डॉ.अनिल कुमार सैनी,डॉ.शिव कुमार शर्मा, डॉ. प्रतिभा सिंह जैसे कृषि क्षेत्र के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों की उपस्थिति में किया गया। दूरदर्शन नई दिल्ली की टीम द्वारा किए गए प्रश्नों के सटीक एवं सही जवाब देकर समृद्धि एफ पी ओ की टीम ने कुल आठ कपों में से छ: कप अपनी झोली में डाल लिए। किसान प्रश्न मंच कप प्राप्त करने वाले विजेता एफ पी ओ की सी ई ओ सीमा रानी,सचिव रश्मि रावत,उपाध्यक्ष कुसुम रानी,बोर्ड ऑफ डायरेक्टर कु.मंगोला,वीरेंद्र सिंह एवं सदस्य महावीर सिंह बने।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# विनेश फोगाट की चूक

महिला पहलवान विनेश फोगाट के पेरिस ओलंपिक में अंतिम दौर से ऐन पहले, वजन अधिक होने के कारण, अयोग्य करार दिए जाने से स्वाभाविक ही सारे देश को निराशा हुई है। पूरे खेल के दौरान जिस तरह विनेश ने बेहतरीन प्रदर्शन किया उससे उनसे देश के लिए स्वर्ण पदक लाने की उम्मीद बनी हुई थी। वे अब तक की अपराजेय जापान की युई सुसाकी को हरा कर सेमीफाइनल में पहुंची थीं। सेमीफाइनल में उन्होंने क्यूबा की गुजमैन लोपेज को हराया था। ये दोनों खिलाड़ी दुनिया की श्रेष्ठ खिलाड़ियों में गिनी जाती हैं। युई सुसाकी तो अब तक किसी मुकाबले में पराजित नहीं हुईं। इस निर्धारित पचास किलोवर्ग में करीब सौ ग्राम अधिक था। दरअसल विनेश पहली बार पचास किलोवर्ग में खेल रही थीं। इससे पहले वे तिरपन किलोवर्ग में खेलती थीं। भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने विनेश का वजन पचास किलो के भीतर बनाए रखने की भरसक कोशिश की, मगर फिर भी कहीं कोई चूक रह गई। चूंकि विनेश पर विशेष रूप से सबकी नजरें टिकी थीं, इसलिए उनकी अयोग्यता को कुछ लोग राजनीतिक रंग देते भी देखे जा रहे हैं। खेल में हार और जीत चलती रहती है, मगर कोई खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करते हुए अंतिम दौर में पहुंच कर कुछ तकनीकी खामियों के चलते खेलने से रोक दिया जाए, तो उसकी टीस उसके भीतर जीवन भर बनी रहती है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि महिला पहलवानों के लिए पचास किलो से नीचे वजन लाना कठिन होता है, पर यह सवाल तो बना ही है कि आखिर विनेश के साथ गया विशेषज्ञों का दल कैसे तकनीकी पक्षों पर ध्यान देने से चूक गया। विनेश के साथ उनके कोच, मैनेजर, आहार विशेषज्ञ भी गए होंगे। उन्हें कहीं न कहीं तो भरोसा रहा होगा कि विनेश तिरपन किलो से पचास किलो भार वर्ग में उतर कर खेल सकती हैं। मगर इसके लिए वजन घटाने की जिस तैयारी की जरूरत थी, वह कैसे नाकाम रही, यह जांच का विषय है। अब विनेश कोई पदक नहीं ला सकेंगी। इस तरह देश भी एक पदक से चूक गया। विनेश को लेकर राजनीति इसलिए भी शुरू हो गई कि वे महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने वालों की अगली कतार में थीं। उन्हें आंदोलन के दौरान पुलिस की ज्यादतियां भी सहनी पड़ीं, कई तरह के मानसिक दबावों से गुजरना पड़ा। इस तरह उन्हें सत्ता विरोधी मुहिम का हिस्सा मान लिया गया था। विपक्षी दलों ने उन्हें खुल कर समर्थन दिया। तब कहा गया कि विनेश में अब ओलंपिक में खेलने की क्षमता नहीं रह गई है, इसलिए वे राजनीति के रास्ते पर चल पड़ी हैं। हालांकि लंबे समय तक आंदोलन में संघर्ष करते रहने की वजह से उनके नियमित अभ्यास में बाधा आई थी, मगर उन्होंने आखिरकार साबित किया कि उनकी क्षमता कहीं से कम नहीं हुई है। बेशक वे तकनीकी वजहों से अंतिम दौर में खेलने से रह गईं, पर इसके पहले के खेलों में जिस तरह उन्होंने अपने कौशल और क्षमता का प्रदर्शन किया, वह अपने आप में एक कीर्तिमान है। मगर, उन्हें जिस तरह से अयोग्य ठहराया गया, उसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस बात की जांच तो होनी ही चाहिए कि विनेश के साथ गए अधिकारियों से चूक कहां हुई।

# मोबाईल नहीं लूट सके तो साइकिल छीन भागे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में आपराधिक वारदातों की मानों सूनामी सी आ गई है। यहां रोजाना ही आपराधिक तत्वों द्वारा बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। लूट, हत्या, चोरी, छेड़छाड़, छीना झपटी आम बात हो गई है। अब साइकिल सवार एक व्यक्ति को कुछ लोगों ने घेर कर उससे मारपीट करते हुए मोबाईल छीनने की कोशिश की। जब वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हुए तो उसकी साइकिल ही छीनकर भाग गए। रोहित सिंह पुत्र श्री हरपाल सिंह निवासी नारायण कालोनी ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि 7 अगस्त को रात्री करीब 10:30 बजे वह अपनी साईकिल पर सवार होकर गोल मढैया से अपने घर की ओर आ रहा था। गोल मढैया पर कुछ लोगो ने उसे घेर लिया और उसकी साईकिल छीनने लगे जब उक्त लोगो का विरोध किया तो उक्त लोगो ने उसे मारा पीटा और उसका फोन छीनने की कोशिश की। जिसमें फोन टूट गया। जिसके बाद उक्त लोग उसकी साईकिल छीनकर भाग गये।

# बांग्लादेश प्रकरण को लेकर निकला शांति मार्च

दिनेशपुर(उद संवाददाता)।बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा की मांग को लेकर विश्व हिन्दु परिषद के नेतृव में लोगों नें नगर में शांति मार्च निकालकर प्रदर्शन किया।बुधवार की शाम को लोग जाफरपुर मार्ग पर पूलिन बाबू चौक पर इकत्र हुए। यहां हुई सभा में बांगलादेश में हिंसा में मारे गये लोगों की श्रद्धांजलि दी गई। लोगों ने केन्द्र सरकार से हिदुओं की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की। यहां से स्लोगन लिखी तख्तियां और बैनर लेकर शांति मार्च निकाला। मार्च में शामिल लोग समूचे नगर का भ्रमण करते हुए थाना परिसर पहुंचे। जहां पुलिस के माध्यम से केन्द्र सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया गया। चंद्रकांत मंडल, विजय मंडल ,राजकुमार शाह,सीमा सरकार, हिमांशु सरकार,अनादीरंजन मंडल,विकास सरकार,मनोज राय, नारायण शाह, सुनीता मिस्त्री, मीना मंडल,प्रोजीत मंडल, गोविंद मंडल, मास्टर नित्यानंद मंडल, रवि सरकार, सत्य प्रकाश सिंह, दीपक मक्कड़, भवेश हालदार, संजय शाह, रोहित मंडल, इंद्रजीत मंडल, प्यारे मोहन, अमृत विश्वास सुब्रत तरफदार विक्की कुमार प्रसनजीत शाह आदि मौजूद रहे।

# तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। अलग-अलग मामलों में पिछले लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय की समक्ष पेश कर दिया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि अनाज मंडी के पीछे, ग्राम सरवरखेड़ा थाना कुंडा निवासी मनोज कुमार पुत्र गौरव प्रसाद, गांव सरवरखेड़ा निवासी दानिश पुत्र अयूब शाह व यही के रईस अहमद पुत्र शरीफ अहमद को पुलिस काफी समय से तलाश कर रही थी। उपरोक्त तीनों के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किए गए थे। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कुंडा विक्रम राठौर के अलावा मंडी चौकी इंचार्ज मनोहर चंद्र कांस्टेबल त्रिलोक सिंह तथा कांस्टेबल योगेश चौधरी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# किशोरी को अगवा कर ले गया युवक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र से किशोरी को एक युवक द्वारा बहला फुसला कर अगवा कर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में परिजनों ने कहा है कि 4 अगस्त का सांय करीब 4 बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गयी। जो काफी समय हो जाने के बाद भी घर वापस नहीं आयी। उसका फोन नम्बर भी स्विच ऑफ आ रहा है। पुत्री की सभी सम्भावित जगह व रिश्तेदारी में खोजबीन कर ली है लेकिन उसका कही पर कुछ पता नहीं चल रहा है। परिजनों का आरोप है कि उसकी पुत्री से अमित कोली निवासी रम्पुरा बातचीत करता था और कई बार बात करते हुये पकड़ा भी है। उसे शक है कि उसकी पुत्री को उक्त अमित अपने साथ बहला फुसलाकर कही ले गया है। पुलिस में मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भजन गायक मनोचा ने पूरा किया बच्चों से किया वादा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पिछले 24 वर्षों से लोक रचना समिति द्वारा आयोजित गायन प्रतियोगिता में लगातार 15वर्षों से निर्णायक की भूमिका निभा रहे प्रसिद्ध भजन गायक रितेश मनोचा द्वारा इस वर्ष के विजेता बच्चों को एक गाना रिकार्ड करने का वादा किया था, जो कि उन्होंने प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद अगले 2 ही दिनों में बच्चों को दिल्ली ले जा कर उन बच्चों से देशभक्ति गीतों का मैंशअप गवाया और उनकी वीडियो रिकार्ड करवा कर वादा पूरा किया ।लगभग 7 मिनट के बने इस गाने को बनाने मे बच्चों ने 10 घंटे से भी ज्यादा समय तक मेहनत की। रितेश मनोचा ने बताया कि सभी बच्चों के लिए स्टूडियो में रिकॉर्डिंग का



ये पहला अनुभव था, जो कि बहुत सुखद रहा। बच्चे और उनके साथ दिल्ली गये उनके माता पिता बच्चों को स्टूडियो में गाता देखकर बहुत खुश थे और उन्होंने इस प्रयास के लिए रितेश मनोचा का आभार व्यक्त किया और खूब प्रशंसा की ।देशभक्ति गीतों पर बना ये कर्ण प्रिय गीत 12 अगस्त को रिलीज होगा । रिकार्डिंग करने वाले बच्चे रुद्रपुर के एमेनिटी और डीपीस स्कूल के है। रितेश ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया और कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि रुद्रपुर की प्रतिभाओं को आगे लाने की दिशा में वो अब और अधिक प्रयासरत रहेंगे। लोक रचना समिति के केवल बत्रा ने भी रितेश मनोचा का आभार व्यक्त करते हुए इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आवारा गोवंश की व्यवस्था के लिए किया धरना प्रदर्शन

लालकुंआ (उद संवाददाता)।गोरक्षा कानून के चलते आवारा हुए गोवंश से क्षेत्रीय जनता को जान-माल, फसलों और सड़क दुर्घटनाओं से हो रही क्षति से निजात दिलाने के लिए अखिल भारतीय किसान महासभा और भाकपा माले के नेतृत्व में ग्रामीण जनता ने लालकुआं तहसील पर धरना प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को देते हुए प्रशासन से तीन सप्ताह में समाधान करने की मांग की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी यदि तीन सप्ताह में आवारा गोवंश की व्यवस्था न होने की स्थिति में ग्रामीण जनता को आवारा गोवंश को हांककर तहसील में बांधने पर विवश होना पड़ेगा। इस अवसर पर मांग की गई कि, गोरक्षा कानून के कारण आवारा हुए गोवंश की व्यवस्था शासन - प्रशासन करे, आवारा गोवंश से हो रहे किसानों, पशुपालकों, राहगीरों के नुकसान और सड़क दुर्घटनाओं का शासन-प्रशासन मुआवजा दे, सरकार पशुपालकों से गोवंश की खरीददारी करे, अन्यथा गोरक्षा कानून वापस ले। तहसीलदार लालकुआं ने आश्वासन दिया कि मामले पर जल्द कार्यवाही शुरू की जायेगी। संबोधित करते हुए किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने कहा कि, गोरक्षा कानून बनने के बाद पशुपालकों के बछिया, बछड़ा, सांड और बैली गाय की बिक्री नहीं होने से अपने पशुधन को आवारा छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है । सरकार द्वारा पशुपालक को पशुपालन व्यवसाय से हो रही आमदनी जिससे वह अपने परिवार का गुजर बसर चलाता था नजरअंदाज कर गोवंश संरक्षण अधिनियम 2007 बनाया गया जो आज गोवंश संरक्षण की जगह गोवंश दुर्दशा कानून बनकर रह गया है और पशुपालकों के आमदनी के साधन की जगह उनके लिए बोझ बन गया है। ऐसी स्थिति बन गई है कि गोवंश पशुपालकों के लिए ही बोझ न होकर आवारा गोवंश किसानों की फसलों, राहगीरों व आमजन के जानमाल के लिए और सड़क दुर्घटनाओं के लिए भी खतरा बन गया है। किसान महासभा के उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी ने कहा कि, गोवंश संरक्षण अधिनियम से जनता को हो रहे नुकसान से निजात दिलाने के लिए गोवंश संरक्षण कानून को निरस्त करने या गोवंश की बैली, बूढ़ी,बछिया,



बछड़ा, सांड की स्थितिनुसार सरकारी कीमत निर्धारित कर सरकारी खरीद करने का प्रस्ताव लाने हेतु किसान महासभा द्वारा लालकुआँ तहसील के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार व लालकुआँ विधानसभा के विधायक माननीय मोहन सिंह बिष्ट सहित अन्य विधानसभाओं के विधायकों को ज्ञापन प्रेषित किया गया था परन्तु सरकार द्वारा इस पर किसी प्रकार का संज्ञान नहीं लिया गया, जो सरकार का पशुपालक, किसान और आमजन विरोधी चरित्र को उजागर करता है। माले जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय ने कहा कि, आवारा गाय बैलों से खेती किसानी संकट में पड़ गई है और सड़कों पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं लेकिन सरकार असंवेदनशील होकर उदासीन बनी हुई है। सरकार को तत्काल इसका उपाय करना होगा अन्यथा यह परिदृश्य एक बड़ी आपदा की ओर बढ़ रहा है।सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि, लालकुआँ, बिन्दुखत्ता क्षेत्रान्तर्गत आवारा गोवंश की अन्यत्र व्यवस्था कर क्षेत्रीय जनता को शीघ्रातिशीघ्र सुरक्षा प्रदान न की गई तो तीन सप्ताह उपरान्त आवारा गोवंश से पीड़ित जनता को क्षेत्रान्तर्गत आवारा गोवंश को तहसील मुख्यालय में बांधने को बाध्य होना पड़ेगा। लालकुआं तहसील में हुए धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी, भाकपा माले जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय, एपवा संयोजक विमला रौथाण, अखिल भारतीय किसान महासभा जिला सचिव चन्दन राम,भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य ललित मटियाली, बिन्दुखत्ता एरिया सचिव पुष्कर दुबड़िया, आनंद सिंह सिजवाली, आइसा नैनीताल जिला अध्यक्ष धीरज कुमार, किशन बघरी, निर्मला शाही, कमल जोशी, प्रमोद कुमार, ललित जोशी, शशि गड़िया, हरीश भंडारी, त्रिलोक राम, डी एस मेहरा, दलीप सिंह शाही, आनंद दानू, चंदन कुमार, सुरेश कुंवर, बहादुर राम, नीतू, सुनीता, शांति, भास्कर कापड़ी, राजेंद्र शाह, प्रभात पाल, बसंत जोशी, भावना, नीमा कोरंगा, देवकी, बबिता आदि शामिल रहे।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी बी कॉम प्रथम वर्ष 2018 की स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी की अंकतालिका की मूल प्रति दिनांक 6.08.2024 को घर से सितारगंज बाजार जाते समय कहीं गुम हो गयी। जो कि काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली।

निखिल गुप्ता पुत्र नरेन्द्र कुमार गुप्ता, निवासी वार्ड नं0 9, हाथीखाना, सितारगंज, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

# छह जिलों के आबकारी अधिकारियों का तबादला

देहरादून। आबकारी विभाग में एक उप आयुक्त और छह जिला आबकारी अधिकारियों समेत 14 अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। मुख्यालय में उप आबकारी आयुक्त विवेक सोनकिया का तबादला ऊधम सिंह नगर व नैनीताल परिक्षेत्र में किया गया है। उत्तरकाशी के जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार को कुमाऊं मंडल में सहायक आबकारी आयुक्त नियुक्त किया गया है। दोनों को उच्च न्यायालय में आबकारी विभाग के खिलाफ दाखिल मुकदमों में पैरवी व विभाग की ओर से शपथपत्र दाखिल किए जाने वाले सभी कार्य भी देखने होंगे। देहरादून के जिला आबकारी अधिकारी राजीव सिंह चौहान को उत्तरकाशी का, टिहरी के जिला आबकारी अधिकारी कैलाश चंद्र बिंजोला को देहरादून का, रुद्रप्रयाग के जिला आबकारी अधिकारी लक्ष्मण सिंह को टिहरी का, बागेश्वर की जिला आबकारी अधिकारी मीनाक्षी टम्टा को नैनीताल का, नैनीताल के जिला आबकारी अधिकारी नाथूराम जोशी को ऊधमसिंह नगर का, जनपदीय प्रवर्तन हरिद्वार के सहायक आबकारी आयुक्त रमेश चंद्र बंगवाल को रुद्रप्रयाग का, कुमाऊं मंडल के संबद्ध कार्यालय संयुक्त आबकारी आयुक्त हरीश चंद्र कुमार को बागेश्वर का और पिथौरागढ़ के प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी हरीश जोशी को पूर्णत: जिला आबकारी अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा देहरादून मुख्यालय में तैनात सहायक आबकारी आयुक्त राजेंद्र लाल को जनपदीय प्रवर्तन दल हरिद्वार में शामिल किया गया है। सहायक आबकारी आयुक्त दीपाली शाह को जनपदीय प्रवर्तन ऊधमसिंह नगर में तैनात किया गया है। आयुक्त मुख्यालय से संबद्ध सहायक आबकारी आयुक्त रेखा जुयाल को सहायक आबकारी आयुक्त के रूप में मुख्यालय देहरादून में तैनाती दी गई है।

# छात्रा से दुष्कर्म की कोशिश के दोषी को पांच साल की सजा

रूद्रपुर। पंतनगर थाना क्षेत्र में पांच साल पहले घर में घुसकर नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म की कोशिश करने और धमकाने के दोषी को अदालत ने पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। 20 मई 2019 को पंतनगर थाने में दी तहरीर में एक महिला ने कहा कि उनकी 14 साल की बेटी दोपहर दो बजे स्कूल से घर आकर आराम कर रही थी। इसी बीच गोल गेट नगला निवासी आफताब उनके घर में घुस गया। उसने उनकी बेटी के साथ अश्लील हरकतें कर दुष्कर्म करने की कोशिश की। बेटी के शोर मचाने पर आफताब ने उसका मुंह दबा दिया और जान से मारने की धमकी दी। मोहल्ले वालों की सूचना पर वह घर पहुंची तो बेटी ने आपबीती सुनाई थी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। मामले की सुनवाई न्यायालय एफटीएससी/अपर सत्र न्यायाधीश संगीता आर्या की अदालत में हुई। विशेष लोक अभियोजक ने अदालत में गवाह और साक्ष्य पेश कर आफताब पर दोष सिद्ध कर दिया। अदालत ने दोषी आफताब को पांच साल का कठोर कारावास और 12 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

# बांग्लादेश में पीड़ित हिन्दुओं की मदद की मांग

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। बांग्लादेश में हिन्दू सनातनी लोगों के ऊपर हो रहे अत्याचार को रोकने एवं भारत को तत्काल सनांतनी हिंदू परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए आंचलिक बंगाली कल्याण निंदनीय है। बंगाली समाज ही नही अपितु सम्पूर्ण भारत बांग्लादेश के हिंदू परिवार के साथ खड़ा है । बंगाली कल्याण समिति भारत सरकार एव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बांग्लादेश के हिंदू सनातनी लोगो को हर संभव सहायता चौक में सभी ग्राम पंचायत के लोग एकत्रित होकर शांति सन्देश देते हुए कैंडल मार्च निकाला एवम नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रतिमा के चारो तरफ कैंडल जलाकर भारत सरकार को हिंदू सनातनी लोगो को हर संभव सहायता देने ग्रामीणों ने भी बुधवार शाम को चौकी प्रभारी शक्तिफार्म जगदीश चंद्र तिवारी के माध्यम से जिलाधिकारी,उपजिलाधिकारी को मांग पत्र सौंप कर सरकार से बांग्लादेश मे हो रहे हिन्दुओ पर अत्याचार पर पीड़ित हिन्दुओ को हर





समिति अध्यक्ष राम चन्द्र राय ने प्रधानमंत्री को प्रेषित पत्र तहसीलदार सितारगंज के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। बंगाली कल्याण समिति अध्यक्ष राम चंद्र राय ने कहा कि बांग्लादेशी कट्टरपंथी इस्लामी संगठन के द्वारा सनातनी हिंदू परिवार को चुन चुन कर उनके धार्मिक स्थल को आग के हवाले कर उनके घर बार जला रहे है जो घोर प्रदान करने हेतु हर संभव प्रयास करें। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के तत्वाधान में सुभाष चौक में हिंदू सनातनी लोगो ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बांग्लादेश के इस्लामी कट्टरपंथ के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भारत सरकार से बांग्लादेश में रह रहे हिंदू सनातनी को हर संभव सहायता देने की मांग की। नेताजी सुभाष की मांग की। इस दौरान गुरुजी मखम मंडल ,अनूप राय, रुद्र चौधरी,दिलीप बिस्वास, मजूमदार,सुखदेव चक्रवर्ती, हरीचंद,नरेश साना,शंकर मजूमदार, सुमित मंडल,विनय बिस्वास, तापस पहाड़,सपन पल्ले,राम गोपाल सरकार,आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे। वही शक्तिफार्म के ग्रामसभा राजनगर,अरविन्द नगर,निर्मल नगर के संभव मदद की मांग की । इस मौके पर अशोक माली,सुमंत विश्वास, अजय चौधरी,शंकर मजूमदार, चित्तरंजन राय, सुनील हालदार,हरिपद हालदार,परिमल विश्वास,रतन सिकदार, परिमल हालदार,श्याम व्यापारी, कार्तिक, नरोत्तम,देवाश,अमलेन्दु,सपन हाल्दार, मंतोष,विश्वजीत सरकार,गौत्तम विश्वास,कमलेश,गणेश आदि मौजूद थे।

# मिनिस्टीरियल व प्रवर्तन कर्मियों को बहाल करने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत 15 जून को रूद्रप्रयाग में हुई दुर्घटना के दृष्टिगत परिवहन विभाग के चार निंलबित कार्मिकों दो मिनिस्ट्रियल कार्मिक एवं दो प्रर्वतन कार्मिक को बहाल कराने की मांग को लेकर मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ हल्द्वानी एवं प्रर्वतन कर्मचारी संगठन हल्द्वानी द्वारा संयुक्त रूप मे पूर्ण कार्य वहिष्कार किया गया। जिसमें खेम सिह नेगी जिला महामंत्री मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ, देवेन्द्र सिह विष्ट जिला अध्यक्ष प्रर्वतन कर्मचारी संगठन एवं यतिन तिवारी, श्याम सिह लटवाल, आनन्द बल्लभ पाण्डे, अमित सती, रोहित मेलकानी, अनिल रावत, आनन्द बल्लभ



उप्रेती, हरेन्द्र बाफिला, खष्टी बल्लभ जोशी, प्रेम रावत, मनोज मिश्रा, राजेन्द्र सिह विष्ट, गिरिजा शंकर पाण्डे, हेम आर्या, हिमांशु तडागी, श्रीमती कल्पना भण्डारी, श्रीमती कविता पंत, श्रीमती ऋचा कोहली, देव सिह, नन्दन सिह रावत, रामचन्द्र, गोविन्द फर्त्याल, गिरीश काण्डपाल, चन्दन सुप्याल, चन्दन ढैला, श्रीमती लता विनवाल, विजय पाल, सचिन सैनी, अरविन्द हयांकी, गोधन सिह, मौ. दानिश, कुमारी हंसी एवं समस्त कर्मिको द्वारा प्रतिभाग किया गया। गिरिजा शंकर पाण्डे एवं चन्दन सुप्याल द्वारा सभा को संम्बोधित करते हुए निंलबित चार कर्मचारियों को तत्काल बहाल करने की मांग की गई।

# हरियाली तीज पर मीनू पाल ने लगायी निशुल्क मेहंदी

गदरपुर(उद संवाददाता)। हरियाली तीज पर हाथों पर मेहंदी लगवाने की एवज में महिलाओं और युवतियों से अच्छा खासा रुपया लिया जाता है वहीं गदरपुर की समाजसेवी क्वीन ब्यूटी पार्लर की एम डी मीनू पाल ने हरियाली तीज के मौके पर महिलाओं और युवतियों को नि:शुल्क मेहंदी लगवाने की मुहिम पिछले कई वर्ष से चलाई है ताकि वह बाजार में होने वाली दिक्कतों से बचा जा सकें । बुधवार शाम को बुध बाजार स्थित मंदिर में मीनू पाल द्वारा पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी क्वीन ब्यूटी पार्लर की ओर से निशुल्क मेहंदी शिविर का आयोजन किया गया। उत्तराखंड में मेकअप में महारत हासिल कर चुकी मीनू पाल ने बताया कि तीज त्यौहार माता बहने बाजार में मेहंदी लगवाने के लिए परेशान होती हैं ब्यूटी पार्लर पर भी उनसे अच्छे रुपए लिए जाते हैं। इसी वजह से उन्होंने यह मुहिम शुरू की है इससे तीज की पूर्व संध्या पर बड़ी संख्या महिलाओं को निशुल्क मेहंदी लगाई गई। क्वीन ब्यूटी पार्लर की एम डी पिछले कई वर्षो से वह तीज त्योहार पर महिलाओं को निशुल्क मेहंदी लगा रही है। उन्होंने बताया कि मेहंदी लगाना महिलाओं के सुहाग की निशानी माना जाता है वही युवतियां भी मेहंदी लगाने को शुभ मानती हैं। त्यौहार चाहे तीज का हो या फिर रक्षाबंधन का हर प्रकार के त्योहार पर महिलाएं अपने हाथों पर मेहंदी जरूर लगती है। कैंप में पहुंची महिला सुनीता ने बताया कि पिछली बार भी मीनू पाल द्वारा लगाए गए निशुल्क मेहंदी कैंप पर हमने मेहंदी लगाई थी और हमें खुशी है कि इस बार भी हमें यहां पहुंचकर निशुल्क मेहंदी लगवाने का मौका मिला शाम होते-होते दर्जनों महिलाओं को मीनू पाल द्वारा मेहंदी लगाई जा चुकी थी।



# बांग्लादेश में फंसे हिन्दुओं की सुरक्षा करे सरकार : शुक्ला

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी से महत्वपूर्ण मुलाकात की। इस अवसर पर शुक्ला ने बांग्लादेश में फंसे हिन्दुओं के साथ हो रहे अमानवीय अत्याचारों को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक भावुक पत्र सौंपा, जिसमें हिन्दू भाइयों और बहनों की दुर्दशा का वर्णन किया गया है और उन्हें भारत वापस लाने के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की गई है। शुक्ला ने कहा, हमारे हिन्दू भाई-बहन जिस दर्द और पीड़ा से गुजर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां करना कठिन है। हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए कि वे सुरक्षित रूप से अपने वतन लौट सकें। इसके साथ ही, शुक्ला ने



केदारनाथ पैदल मार्ग में फंसे श्रद्धालुओं के सफल रेस्क्यू के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा, यह सरकार की संवेदनशीलता और तत्परता का परिचायक है कि सभी श्रद्धालु सुरक्षित वापस आ सके। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी और उनकी टीम का यह कार्य सराहनीय है और इसके लिए हम सभी आभारी हैं। इस मुलाकात के दौरान शुक्ला और मुख्यमंत्री धामी ने क्षेत्र के विभिन्न जनहित के मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की। शुक्ला ने क्षेत्र की समस्याओं, विकास कार्यों और जनता की आवश्यकताओं को लेकर मुख्यमंत्री से सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा, हमारे क्षेत्र के लोग कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। हमें उनकी समस्याओं का समाधान करने और उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए मिलकर काम करना होगा। मुख्यमंत्री धामी ने पूर्व विधायक शुक्ला को आश्वासन दिया कि वे बांग्लादेश में फंसे हिन्दुओं के मामले को गंभीरता से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे और इस दिशा में शीघ्र ही ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी वादा किया कि क्षेत्र की जनहित की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

# कोतवाली पुलिस की तत्परता से बाइक सवार युवक की बची जान

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस की तत्परता से एक बाइक सवार व्यक्ति की जान बच गई। पुलिस ने आधी रात्रि में मूसलाधार बारिश के दौरान घटना स्थल पर पहुंचकर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार को सरकारी चिकित्सालय में भर्ती कराया। घटनाक्रम के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि हल्द्वानी रोड पर गोकुल नगर मजार के सामने हाइवे पर रात्रि साढ़े बारह बजे हल्द्वानी की ओर से बाइक पर आ रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी तथा मौके से फरार हो गया। सड़क पर पड़े घायल बाइक सवार व्यक्ति को पुलिस टीम वाहन से स्थानीय सामुदायिक चिकित्सालय लेकर आई तथा उपचार कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। दुर्घटना ग्रस्त हुई बाइक को पुलिस ने कोतवाली लाकर खड़ा कर दिया। आधी रात को तेज बरसात होने के बाबजूद पुलिस टीम का मौके पर पहुंचना तथा घायल को अस्पताल पहुंचाया जिससे उसकी जान बच गई। घायल अनवर अंसारी निवासी बिचौलिया बरेली उत्तर प्रदेश ने एवं उसके परिजनों ने कोतवाली पुलिस का आभार व्यक्त किया है। कोतवाली पुलिस का एक बार फिर मानवीय चेहरा सामने आया है। अगर कोतवाल सुंदरम शर्मा तत्परता नहीं दिखाते तो दुघर्टना में घायल हुआ बाइक सवार असमय मौत का ग्रास बन जाता।

## पेज एक का शेष...

**उत्तराखंड में अब..** भू संपदा नियामक प्राधिकरण द्वारा अनिवार्य बनाई गई त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट में अब हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के प्रमोटर्स को भवन निर्माण में पिछले तीन महीनों में हुई वृद्धि,खरीदारों से प्राप्त रकम का कितना हिस्सा किस मद में खर्च किया गया इसका पूरा विवरण एवं प्लॉट, अपार्टमेंट, यूनिट की बुकिंग की वर्तमान स्थिति और गैरेज, कवर पार्किंग की बुकिंग की जानकारी,बेसमेंट, फ्लोर, सुपर स्ट्रक्चर, लिफ्ट, वाटरहेड टैंक, परिवहन का विवरण तथा आर्किटेक्ट, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, रियल एस्टेट एजेंट आदि में परिवर्तन की संपूर्ण जानकारी देनी होगी । किसी भी तिमाही की समाप्ति के 10 दिनों के बाद तक यदि प्राधिकरण को उपरोक्त जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती तो प्राधिकरण प्रमोटर को सुनवाई के लिए बुलाएगा और जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही करेगा ।

**रूद्रपुर की तीन मुख्य सड़कों...** योजनाओं की निरन्तर उपेक्षा होती रही। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल में वह क्षेत्र के लिये कई बड़े प्रोजेक्ट लेकर आये है जिनमें सड़क निर्माण से सम्बन्धित तीन प्रोजेक्ट सरकारी द्वारा स्वीकृत कर लिये गये है। श्री अरोरा ने बताया कि ग्राम बिगवाड़ा से दक्ष चौराहे तक पिछले कई वर्षो से जर्जर हालत में हो रहे मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ होने जा रहा है वही नैनीताल राष्ट्रीय मार्ग पर अटरिया मोढ़ से सिडकुल ढाल व सिडकुल होते हुये पारले चौक तक लगभग 4 किमी सड़क का निर्माण कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त किच्छा बाईपास मार्ग पर झील से ट्रांजिट कैम्प मार्ग की ओर चामुण्डा देवी मन्दिर तक सड़क निर्माण भी कराया जायेगा। इसका निर्माण 60 फिट चौड़ा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इन तीनों सड़को के निर्माण के लिये क्षेत्र की जनता पिछले काफी समय से आन्दोलन कर रही थी। उन्होंने लोगों को आश्वास्त किया था कि वह सभी सड़कों का निर्माण करवायेंगे। जिसके लिये उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से व्यक्तिगकत रूप से मुलाकात कर जनहित में उपरोक्त तीनों मार्गो के निर्माण के लिये स्वीकृति प्रदान किये जाने का आग्रह किया था जिसके फलस्वरूप मुख्यमंत्री द्वारा सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दिये जाने के साथ ही धनराशि भी स्वीकृत कर दी है। श्री अरोरा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र की जनहित से जुड़ी अन्य मूलभूत समस्याओं का भी शीघ्र समाधान करने के लिये वह हमेशा तत्पर रहेंगे। वार्ता के दौरान विकास शर्मा, के केदास, उत्तम दत्ता, धर्म सिंह कोली, मनोज मदान, सुनील यादव व अशोक यादव आदि मौजूद थे।

**पुलिस विभाग में बड़ा...** सिंह को उधमसिंह नगर से पिथौरागढ़, इंस्पेक्टर नीरज कुमार को उधमसिंह नगर से पिथौरागढ़, इंस्पेक्टर प्रवीण सिंह कोश्यारी को उधमसिंह नगर से अल्मोड़ा, विक्रम सिंह राठौड़ को उधमसिंह नगर से पिथौरागढ़, ललित मोहन जोशी को नैनीताल से पिथौरागढ़, त्रिलोक राम को अल्मोड़ा से बागेश्वर, राजेंद्र सिंह रावत को अल्मोड़ा से नैनीताल, अजय लाल शाह को बागेश्वर से अल्मोड़ा ट्रांसफर किया गया है। इसके अलावा मोहन चंद्र पांडे को बागेश्वर से उधमसिंह नगर, विजेंद्र शाह को पिथौरागढ़ से उधमसिंह नगर, नासिर हुसैन को पिथौरागढ़ से उधमसिंह नगर, राजेश यादव को पिथौरागढ़ से नैनीताल जिले में भेजा है। इन सभी इंस्पेक्टर को अपने स्थानांतरण स्तर पर तुरंत तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि स्थानांतरित अधिकतर पुलिसकर्मी पिछले कई सालों से मैदानी क्षेत्रों में जमे हुए थे।

**विनेश के ओलंपिक...** में कोई कमी नहीं की। अब मेरे पास एक ही विकल्प है कि मैं अपनी शपथ से दूर नहीं भाग रहा हूं। मैंने आज जो देखा है, सदस्य ने जिस तरह का व्यवहार किया, शारीरिक रूप से किया है, जिस तरह का व्यवहार इधर से भी हुआ है। मैं कुछ समय के लिए अपने आप को यहां बैठने में सक्षम नहीं पा रहा हूं।

13 **वीरांगनाओं को ...** खेतवाल, चमोली से धनेश्वरी देवी, अनीता देवी, पुष्पा देवी, चंपावत से सीमा जोशी, मंजू बिष्ट, देहरादून से रजनी गुलेरिया, प्रियतमा सक्सेना, हरिद्वार से रश्मी शर्मा, रेशमा, नैनीताल से हंसा मेहरा, दुर्गा बनौला व शोभा बौडाई, पौड़ी गढ़वाल से कविता देवी, जयाभारती देवी, उर्मिला देवी, दमयंती देवी, पिथौरागढ़ से भागीरथी देवी, बीनू धामी, सरोज द्विवेदी, रुद्रप्रयाग से विधि रौतेला, टिहरी गढ़वाल से समा पंवार, जुप्पा देवी, पिंकी, ऊधमसिंह नगर से आरती, समीता श्रीवास्तव, भारती देवी, अंजुरानी चौहान एवं उत्तरकाशी जिले से सोनू और सुषमा को नवाजा गया।

# विश्व शांति के लिए भंडारे का आयोजन

काशीपुर(उद संवाददाता)। बार एसोसिएशन के तत्वाधान में गत वर्षो की तरह इस वर्ष भी विशाल शिव भंडारे का विश्व शांति के लिए आयोजन किया गया ,जिसमें सैकड़ों लोगों व अधिवक्ताओं सहित आम जन ने भी प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर बोलते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा की शिव भक्ति आत्म शक्ति प्रदान करती है । सर्वप्रथम पूजा हवन किया गया साथ ही भागवान शिव की



स्तुति की गई। इस मौके पर बार एसोसिएशन के तमाम पदाधिकारी व सदस्य गणों के अलावा कामिनी श्रीवास्तव, नरेश कुमार पाल, नरदेव सैनी, अमृतपाल सिंह, अविनाश कुमार ,अमित गुप्ता सहित कश्मीर सिंह, भास्कर त्यागी, नवजोत सिंह, रामकुवर चौहान, देवांग मिश्रा, आसिफ अली,प्रमोद चौहान,आदि उपस्थित थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# हरियाली तीज महोत्सव में खूब थिरकीं महिलाएं

## नवविवाहित बेटियां हुई सम्मानित, लकी ड्रा में बांटे पुरस्कार, विभिन्न स्टालों में हुई खरीददारी





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल महिला समिति द्वारा हरियाली तीज उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमे तीज गीतों पर मधुर संगीत के साथ महिलाओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं समाज की नवविवाहित बेटियों को समिति द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। महोत्सव स्थल पर खान पान व घरेलू उपयोग की वस्तुओं, रेडीमेड कपड़े आदि के स्टॉल लगाए गए थे। साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए कई झूले भी सजाए गए थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शकुंतला देवी अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती राधा अग्रवाल, अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती सीमा गोयल, सीमा अरोरा, डॉक्टर पारुल अग्रवाल, डॉक्टर सीमा अरोरा, अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, महामंत्री प्रिया गर्ग और कोषाध्यक्ष उषा श्यामपुरिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल महिलाओं द्वारा सर्वप्रथम वंदना प्रस्तुत की गई। बॉलीवुड डांस पैट्रियोटिक डांस और महिला समिति के मेंबर्स द्वारा बहुत ही सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर तरह -तरह के स्टॉल लगाई गई थी। जिनमें देसी घी से निर्मित आगरा की चाट, सूट, कुर्तियां, सजावटी सामान, तीज का झूला, बच्चों के झूले शामिल थे। जहां लोगों ने स्वाद के साथ मनोरंजन कर खरीददारी भी की। अग्रवाल महिला समिति द्वारा बच्चों के लिए घोड़ा गाड़ी की व्यवस्था भी की गई थी। बच्चों ने घोड़ा गाड़ी का भरपूर आनंद उठाया। घोड़ा गाड़ी और रिमझिम फुहार के बीच बच्चों ने भी बहुत आनंद लिया। लकी ड्रा भी निकाला गया जिसके विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया। इस उपलक्ष में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, महामंत्री अमित जैन, कोषाध्यक्ष रणवीर गुप्ता, अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष श्री ओम अग्रवाल, महामंत्री अनुज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकुल मित्तल भी उपस्थित थे। अग्रवाल मिला महिला समिति की अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने बताया कि वह इस कार्यक्रम के सफल आयोजन की तैयारी में अपनी टीम के साथ एक महीने से लगी हुई थी। महामंत्री प्रिया गर्ग का कहना था कि एक सफल प्रोग्राम के लिए एक अच्छी टीम का होना बहुत जरूरी है और इस प्रोग्राम में उनकी अग्रवाल महिला समिति ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर सहयोग भी दिया। कोषाध्यक्ष उषा श्यामपुरिया ने भी मेहनत कर प्रोग्राम को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया। सावन की रिमझिम फुहार के बीच प्रोग्राम बहुत ही सुंदर ढंग से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि शकुन्तला देवी अग्रवाल ने उपस्थित सभी महिलाओं को तीज पर्व की शुभकामनाएं दीं और अग्रवाल महिला समिति द्वारा आयोजित इस आयोजन के लिए समिति की समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर कांता अग्रवाल, दुर्गा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, लता खंडेलवाल, अरुण बंसल, नीतू रुंगटा, रचना झुनझुनवाला, सुमन मित्तल, नीतू गोयल, सोनम बंसल, सौम्या अग्रवाल, दर्पण अग्रवाल, सलोनी अग्रवाल, हापुड़ से आई शालिनी गोयल, अंजू बंसल, स्वर अग्रवाल, मीनाक्षी गर्ग, विजय अग्रवाल, विजय श्यामपुरिया, मनोज गर्ग, वरुण अग्रवाल, अनु अग्रवाल, राधा अग्रवाल, संरक्षक रंजना अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, पूनम मित्तल, उपाध्यक्ष अंजू बंसल, शालिनी गोयल, मंत्री नीतू गोयल, सोनल गर्ग, सह मंत्री मीनाक्षी गर्ग, कार्यकारिणी सदस्य पूनम बिंदल, बबिता मित्तल, सविता अग्रवाल, राजकुमारी तुलस्यान, नीतू रूंगटा, आशा खण्डेलवाल, रुचि अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, पूनम गुप्ता, अनुराधा जैन, सीमा गोयल, रचना जिंदल, ममता गोयल, सदस्य आस्था अग्रवाल, काजल सिंघल, अक्षि अग्रवाल, अलका अग्रवाल, अंजू मित्तल, कनिका अग्रवाल, कविता सिंघल, कुसुम जैन, अंजू मित्तल, अंकिता जैन, अंकिता बिंदल, अरुणा बंसल, अरुणा जैन, आशा गोयल, बीना जैन, दीप्ती अग्रवाल, गीता श्यापुरिया, इंदु अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, जीवनी अग्रवाल, कुसुम तुलस्यान, लवि जैन, ममता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, मंजू गर्ग, मंजू जैन, मोनिका बंसल, मोनिका अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, नेहा बंसल, नेहा मित्तल, नैनी खण्डेलवाल, पूजा गर्ग, पूजा अग्रवाल, पूनम गुप्ता, प्रीति बंसल, प्रियंका अग्रवाल, प्रियंका गर्ग, प्रियंका मित्तल, पूनम अग्रवाल, पुष्पा जाखोदिया, रश्मि जिंदल, रीना गोयल, रूचि अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सपना मित्तल, सीमा बिंदल, सीमा अग्रवाल, सविता अग्रवाल, शशि बंसल, शशि अग्रवाल, शिखा गर्ग, शिखा अग्रवाल, सृष्टि गोयल, श्रुति अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, सुरेखा जैन, स्वीटी बिंदल, श्वेता मित्तल, शारदा अग्रवाल, सुमन मित्तल, साधना अग्रवाल सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।




# रूद्रपुर की समस्याओं को लेकर शहरी विकास मंत्री से मिले चुघ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने देहरादून पहुंच शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मुलाकात की और उनसे रुद्रपुर क्षेत्र के कई विषयों पर चर्चा की ।भाजपा नेता चुघ ने बताया कि शहरी विकास मंत्री से नगर निगम चुनाव को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि नगर निगम भंग हुए काफी समय बीत चुका है और लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद नगर निगम चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है ऐसे में नगर निगम का चुनाव भी शीघ्र कर दिया जाए ।चुघ ने बताया कि शहरी विकास मंत्री अग्रवाल से बरसात के मौसम में रुद्रपुर में हो रहे जल भराव को लेकर भी वार्ता की गई, क्योंकि बरसात के बाद रुद्रपुर के विभिन्न इलाकों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिसके कारण सैकड़ों हजारों लोगों को परेशानी उठानी पड़ती हैं। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर नगर निगम का ड्रेनेज सिस्टम सुधारा जाए और नदी नालों की व्यापक सफाई की जाए ताकि जल निकासी की व्यवस्था सुचारू हो सके और जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो ।उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार होने से विकास कार्य गतिमान है इन विकास कार्य में और तेजी लाई जाए। चुघ ने कहा कि रुद्रपुर व पूरे प्रदेश के नगर निगम नगर पालिका नगर पंचायतों विस्तार के बाद कई ग्रामीण इलाकों को निगम में शामिल किया गया था लेकिन वहां रह रहे लोगों को भू स्वामित्व का अधिकार नहीं दिया गया था। जिसके चलते वहां के लोगों को निर्माण कार्यों में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ।उन्होंने बताया कि यह मामला वह मुख्यमंत्री के समक्ष भी उठा चुके हैं। ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों में जो नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत में हजारों लाखों की संख्या में लोग निवास करते हैं ऐसे में भू स्वामित्व ना मिलने के कारण उन्हें कोई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लिहाजा उन्हें अति शीघ्र भूस्वामित का अधिकार दिया जाए।शहरी विकास मंत्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर विकास कार्य को अंजाम दे रही है और कार्यकर्ताओं का पूरा सम्मान करती है ऐसे में यह मुद्दे भी सरकार के सामने रखे जाएंगे। इससे पूर्व चुघ ने शहरी विकास मंत्री को बुके भेंटकर उनका आभार जताया।




गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000